


# तरुण छत्तीसगढ़




e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2021-2023

वर्ष 35 अंक 76 | कोरबा, शनिवार , दिनांक 16 दिसम्बर 2023 डाक 17 दिसम्बर 2023 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**

शिवसेना नेता अंबादास दानवे ने अन्य विधायकों के साथ नागपुर के विधान भवन में शीतकालीन सत्र के दौरान रा'य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**

छत्तीसगढ़ में सरकार बदलते ही सीएम की गाड़ी से हटा बीबी-0023 का नंबर प्लेट भूपेश बघेल के लिए लकी था ये नंबर



**खुल्ला-पन्ना**

चिकित्सक ने मरीज से अभद्रता की, बात पहुंची उपर तक



# डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा जवानों ने ध्वस्त किया नक्सली कैंप, बीजापुर में हुई मुठभेड़

**बीजापुर, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में नक्सलवाद को खत्म करने के लिए चलाए जा रहे अभियान में शनिवार को बीजापुर में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने पेद्दाकोरमा के जंगल में शनिवार को नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के बाद उनका कैंप ध्वस्त कर दिया। नक्सलियों के कैंप से भारी मात्रा में विस्फोटक, दवाईयां, नक्सली वर्दी, प्रतिबंधित नक्सल संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री, नक्सली साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री मिली है। बीजापुर में नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी, नक्सलियों से मुठभेड़ के बाद कैंप किया ध्वस्तबीजापुर में नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षा बलों को मिली कामयाबी, नक्सलियों से मुठभेड़ के बाद कैंप किया ध्वस्त घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नक्सली कमांडर और गंगालूर एरिया



कमेटी के सचिव दिनेश मोड़ियम, गंगालूर एलओएस कमांडर दुला कारम, गंगालूर एरिया आरपीसी कमलू पूनेम सहित 15-20 अन्य सशस्त्र नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर सुरक्षा बल नक्सल विरोधी अभियान के लिए निकले थे।

इसी दौरान डीआरजी, बस्तर फाइटर, एसटीएफ एवं कोबरा 202, 210 के जवानों के साथ शनिवार सुबह करीब छह बजे पेद्दाकोरमा के जंगलों में नक्सलियों से आमना- सामना हुआ। सुरक्षा बल को भारी पड़ता देख नक्सली भाग खड़े हुए। जवानों को सर्चिंग के दौरान मौके पर नक्सली कैंप मिला, जिसे ध्वस्त किया गया। नक्सली इस कैंप से छिपकर हिंसक घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। जवानों ने इस नक्सली कैंप से नक्सलियों के कई सामान बरामद किए हैं, जिसमें भारी मात्रा में विस्फोटक, दवाईयां, नक्सली वर्दी, प्रतिबंधित नक्सल संगठन के प्रचार-प्रसार की सामग्री, नक्सली साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री शामिल है।

## चुनाव लड़ने के लिए कांग्रेस ने जनता से मांगे पैसे 18 दिसंबर से शुरू होगा क्राउडफंडिंग अभियान



**नईदिल्ली, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को चुनाव लड़ने के लिए पैसों की जरूरत है। इसके लिए पार्टी ने देश की जनता के सामने हाथ फैलाए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 'डोनेट फॉर देश' अभियान की जानकारी दी। वेणुगोपाल ने बताया कि यह एक क्राउडफंडिंग अभियान है, जिसका शुरुआत 18 दिसंबर से होने जा रही है। वेणुगोपाल ने दावा किया कि यह सबसे बड़ा क्राउडफंडिंग अभियान होगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस को अपने ऑनलाइन क्राउडफंडिंग अभियान डोनेट फॉर देश के लॉन्च की घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। यह पहल 1920-21 में महात्मा गांधी के ऐतिहासिक तिलक स्वराज फंड से प्रेरित है।

## विजय दिवसः पाकिस्तान के दांत खट्टे करने वालों की याद में डूबा देश, रक्षा मंत्री-सीडीएस पहुंचे शौर्य स्मारक



**नईदिल्ली, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

16 दिसंबर 1971 की ऐतिहासिक जीत की खुशी आज भी हर देशवासी के मन को उमंग से भर देती है। इस दिन को हमलोग विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। इसी दिन भारत ने पाकिस्तान के दांत खट्टे किए थे। आज का दिन सैनिकों के शौर्य को सलाम करने का दिन है। दिल्ली से लेकर बंगलूरू तक हर जगह जवानों को श्रद्धांजलि दी जा रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल अमर प्रीत सिंह के साथ राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सशस्त्र बलों की जीत की याद में 16 दिसंबर को पूरे देश में हर साल विजय दिवस मनाया जाता है। विजय दिवस के अवसर पर कोलकाता में पूर्वी कमान सेना मुख्यालय में विजय स्मारक पर जवानों को याद करते हुए उत्सव मनाया जा रहा है। जब भी पड़ोसी मुल्क ने भारतीय सीमा को लांघने की कोशिश की या देश की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास किया, उन्हें हार का सामना करना पड़ा। पड़ोसी मुल्क के सैनिकों का सामना भारतीय वीरों से हुआ। वह चाहे हाल में 09 दिसंबर 2022 को अरुणाचल के तवांग सेक्टर के यांग्त्से में एलएसी पर अतिक्रमण करने पर भारतीय सैनिकों का चीन के सैनिकों को खदेड़ना हो या 1971 में पाकिस्तान की सेना का धूल चटाना हो। भारतीय वीरों की शौर्य गाथा का इतिहास बहुत उपलब्धि पूर्ण रहा है। देश आज विजय दिवस की 52वीं वर्षगांठ मना रहा है। 16 दिसंबर को हर साल विजय दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन 1971 में भारत ने पाकिस्तान को जंग में हराया था। इसी ऐतिहासिक जीत का जश्न हर साल मनाया जाता है। हालांकि इस जंग में भारतीय सैनिकों ने बड़े पैमाने पर कुर्बानियां भी दी थीं।

## भारत के तीन दिवसीय दौरे पर ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक, राष्ट्रपति मुर्मू और पीएम मोदी ने किया स्वागत

**नईदिल्ली, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अरब दुनिया के सबसे पुराने स्वतंत्र राज्य ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक अपनी पहली राजकीय यात्रा पर भारत पहुंचे हैं। आज सुबह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सुल्तान हैथम बिन तारिक भारत की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर शुक्रवार को नई दिल्ली पहुंचे। यहां उनका स्वागत केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री वी. मुरलीधरन ने किया। यह यात्रा भारत और ओमान के बीच की मित्रता और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करेगी। सुल्तान ने यात्रा के पहले दिन विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों देशों से जुड़े कई अहम



मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर ने कहा था कि विदेश मंत्रालय भारत और ओमान के बीच रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने में सुल्तान के मार्गदर्शन को महत्व देता है। राजकीय यात्रा की शुरुआत में ओमान के महामहिम सुल्तान हैथम बिन तारिक से मुलाकात सम्मान की बात है।

इसी साल विदेश राज्यमंत्री वी मुरलीधरन ओमान दौरे पर गए थे। 18-19 अक्तूबर के उनके दौरे के बाद सुल्तान भारत दौरे पर पहुंचे हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने उनके भारत पहुंचने पर कहा, उनके इस दौरे से भारत और ओमान के संबंधों को और मजबूती मिलेगी। दोनों देशों के बीच परस्पर सहयोग और दोस्ती को प्रगाढ़ करने में भी यह दौरा बेहद कारगर साबित होगा। बता दें कि ओमान ने 150 से अधिक कार्य समूह बैठकों में सक्रिय रूप से भाग लिया। जी20 देशों की मंत्रिस्तरीय बैठकों में ओमान के नौ मंत्रियों ने भाग लिया था।

## नागपुर में कार और ट्रक की टक्कर में 6 की मौत एक गंभीर, पुलिस ने ट्रक चालक को किया गिरफ्तार

**नागपुर, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के नागपुर शहर के बाहरी इलाके में एक कार और ट्रक की भीषण टक्कर हो गई। इस दौरान हादसे में करीब छह लोगों की मौत हो गई और एक गंभीर रूप से घायल हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना काटोल-कलमेश्वर रोड पर सोनखंब गांव के पास देर रात 12.15 से 2 बजे के बीच हुई। उन्होंने कहा, एक शादी समारोह में शामिल होने के बाद सात लोग कार में यात्रा कर रहे थे, तभी उनका वाहन सोयाबीन ले जा रहे ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य की अस्पताल में मौत हो गई।



उन्होंने बताया कि हादसे के बाद तीन अन्य लोगों को इलाज के लिए नागपुर लाया गया और उनमें से दो की वहीं मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की हालत गंभीर है। उन्होंने बताया कि ट्रक के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में जांच की जा रही है।

## चेन्नई हवाई अड्डे के सीमा शुल्क विभाग ने जब्त किए नशीले पदार्थ

**चेन्नई।** चेन्नई हवाई अड्डे के सीमा शुल्क विभाग ने 1201 ग्राम नशीले पदार्थ (कोकीन) जिसकी कीमत 10 करोड़ रुपये है, जब्त किया है और एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। 12 करोड़, सीमा शुल्क के प्रधान आयुक्त के कार्यालय ने कहा। चेन्नई एयर कस्टम्स (एआईयू) ने 12 दिसंबर, 2023 को अदीस अबाबा से आए नाईजीरियाई पासपोर्ट वाले एक पुरुष यात्री को रोका। व्यक्ति की जांच के दौरान, 71 नंबर के हाइपरडेंस बेलनाकार बंडलों के रूप में प्रतिबंधित पदार्थ उसके पास छिपा हुआ पाया गया। निकाय, सीमा शुल्क के प्रधान आयुक्त के कार्यालय ने 15 दिसंबर को लिखे एक पत्र में कहा।

## खाटू श्याम जा रहे लखनऊ के परिवार की कार रिंग रोड पर ट्रक से टकराकर पलटी, एयर बैग ने बचाई जान



**आगरा 16 दिसम्बर।** घने कोहरे और चालक को झपकी के चलते कल रात एक बजे इनर रिंग रोड पर कार दुर्घटनागस्त हो गई। आगे जाते ट्रक से टकराने के बाद डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एयर बैग खुलने से लखनऊ के रहने वाले दंपती बाल-बाल बच गए। मामूली घायल दंपती प्राथमिक उपचार के बाद चले गए। घटना शुक्रवार रात एक बजे की है। गांव खड़गपुर सेक्टर 14 थाना इंदिरा नगर लखनऊ के रहने वाले सुरेंद्र यादव पत्नी और दोनों बच्चों के साथ खाटू श्याम जा रहे थे। प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया लखनऊ एक्सप्रेसेव से उतरने के बाद आगरा की ओर आ रहे थे। घने कोहरे के चलते आगे जा रहा ट्रक कार चला रहे सुरेंद्र को दिखाई नहीं दिया। झपकी और कोहरे के चलते कार आगे जाते ट्रक से टकराने के बाद डिवाइडर से टकरा गई। इससे उसका अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कार के एयर बैग खुलने से सुरेंद्र यादव और उनका परिवार बाल-बाल बचा।

## तीर्थयात्रियों को सबरीमाला ले जा रही गाड़ी का भीषण एक्सीडेंट, ऑटो से हुई टक्कर में 5 की मौत

**केरल ।** सबरीमाला तीर्थयात्रियों को ले जा रहे वाहन से ऑटो की टक्कर हो गयी जिसमें 5 की मौत हो गयी। दुर्घटना में ऑटो चालक और वाहन में सवार चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि टेम्पो ट्रैवलर में यात्रा कर रहे सबरीमाला तीर्थयात्रियों को चोटें आईं। पुलिस ने कहा कि यहां के पास मंचेरी में सबरीमाला तीर्थयात्रियों को ले जा रहे एक टेम्पो-ट्रैवलर से ऑटो-रिक्शा की टक्कर हो जाने से दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में ऑटो-रिक्शा के चालक अब्दुल मजीद (50) और यात्री थिसलीमा (34), मुहसिना (32) और उनके बच्चों रायहा फातिमा (4) और रिंशा फातिमा (7) की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि ऑटो-रिक्शा पड़ोसी राज्य कर्नाटक से सबरीमाला तीर्थयात्रियों को ले जा रहे टेम्पो-ट्रैवलर से टकरा गया। पुलिस ने बताया कि सबरीमाला के पांच तीर्थयात्रियों को मामूली चोटें आईं।

## आईटी छापेमारी में अनाज-कोल्ड स्टोरेज कारोबारियों ब्रोकर के ठिकानों से पांच करोड़ जब्त, 12 लाकर मिले

**रायपुर, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ सहित तीन राज्यों की आयकर टीम द्वारा संयुक्त रूप से कोल्ड स्टोरेज, अनाज कारोबारी और ब्रोकर के ठिकानों पर की जा रही जांच में दूसरे दिन पांच करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। बताया जा रहा है कि इन कारोबारी समूहों के पास 12 लाकर भी मिले हैं। आयकर अफसरों द्वारा इस संबंध में पूछताछ की जा रही है। दूसरे दिन भी सभी 50 ठिकानों पर आयकर की कार्रवाई जारी रही। गुरुवार दोपहर से यह कार्रवाई चल रही है। इन कारोबारियों द्वारा कम से कम रिटर्न जमा कर टैक्स चोरी की जा रही थी और काफी समय से




आयकर की नजर इन कारोबारी समूहों पर थी। आयकर की इस कार्रवाई में करीब 350 आयकर अफसर और 200 सीआरपीएफ जवान शामिल हैं।

आयकर सूत्रों के अनुसार राजेश्वरी के अलावा बालाजी, मां शारदा, मानवी कोल्ड स्टोरेज में छापे की कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही बालकिशन माहावार ब्रोकर, सूरज पल्सेस भनपुरी के ठिकानों पर भी कार्रवाई जारी है। छापे की इस कार्रवाई में रायपुर की टीम के अलावा इंदौर, जबलपुर और भोपाल के अफसर भी शामिल हैं।

इन कारोबारियों द्वारा बड़े पैमाने में कच्चे में लेन-देन हो रहा था। इसकी जांच की जा रही है। इसके साथ ही कारोबारियों के लैपटाप, कंप्यूटर तथा आय-व्यय का लेखा जोखा अपने कब्जे में लेकर कारोबारियों द्वारा पिछले तीन साल की लेनदेन की डिटेल भी जांची जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बेरला के सुराना परिवार का गुड़ का भंडारण का स्टोरेज है। साथ ही राधा मोहन कांप्लेक्स, लालगंगा मिडोस में सूरज पल्सेस वालों के आफिस और सिलतरा में कोल्ड स्टोरेज है।

## जंगल सफारी में 17 हिरणों की मौत की जांच रिपोर्ट अब तक नहीं आई, बैक्ट्रीरिया से मौत की जताई थी आशंका

**रायपुर 16 दिसम्बर।** जंगल सफारी में पिछले माह पांच दिनों में अचानक 17 हिरणों की मौत हो गई थी, जिसकी जांच रिपोर्ट अब नहीं आई है। जबकि वन अमला ने मौतों का कारण जानने के लिए बरेली के लैब में विसरा भेजा था। रिपोर्ट 15 दिन के अंदर में आ जानी थी, लेकिन अब तक रिपोर्ट नहीं आई है। बताया जाता है कि जांच रिपोर्ट आने में 10 से 12 दिन और लग सकता है। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। जंगल सफारी के डिप्टी डायरेक्टर हेमचंद पहारे ने 25 से 29 नवंबर के बीच 17 चौसिंगा (हिरण) की मौत की पुष्टि की थी। उन्होंने बताया कि 25 नवंबर को पांच, 26 नवंबर को तीन और 27 नवंबर को पांच, 28 को दो, 29 को दो कुल 17 चौसिंगा की मौत हुई है। इधर पीसीसीएफ को भेजे गए जांच प्रतिवेदन में बताया गया है कि नंदनवन जू, जंगल सफारी के जू क्षेत्र के चौसिंगा बाड़े में 25 नवंबर की सुबह 5.30 बजे चौसिंगा की निगरानी के दौरान पता चला कि इनका स्वास्थ्य खराब हो रहा है।







## संसद के स्मोक कांड में बड़ा खुलासा सात कैन लेकर सदन में घुसे थे आरोपी

**नईदिल्ली, 16 दिसम्बर ।**



संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले मामले में एक नया खुलासा हुआ है। दरअसल, दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने शनिवार को खुलासा किया कि घुसपैठिए घटना को अंजाम देने के लिए सात स्मोक कैन के साथ पहुंचे थे।

दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया, चारों आरोपी नीलम, अमोल, सागर शर्मा और मनोरंजन घटना को अंजाम देने के लिए एक या दो नहीं, बल्कि 7 स्मोक कैन लेकर पहुंचे थे। घटना को अंजाम देने से पहले आरोपी ने गूगल पर संसद के आसपास के इलाके को सर्च किया और कई चीजों से समझा, जिसमें संसद सुरक्षा के कुछ पुराने वीडियो भी शामिल थे। आरोपियों ने यह भी सर्च किया कि सुरक्षित चैट कैसे की जाए, ताकि पुलिस उनको पहचान न सके।

सभी आरोपी सिग्नल ऐप पर बात करते थे, ताकि कोई उन्हें पकड़ न सकें। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि आरोपी चाहते थे कि उनकी यह हरकत मीडिया में चर्चा का विषय बन जाए, इसलिए उन्होंने सत्र के दौरान संसद में घुसने का प्लान तैयार किया था।

### एनआईसी कक्ष से कलेक्टर ,सीईओ सहित अन्य अधिकारी वर्चुअली रूप से बैठक में हुए शामिल

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बंध में अतिरिक्त सचिव ने व्हीसी के माध्यम से अधिकारियो की ली बैठक

**कोरबा ।** भारत सरकार, पंचायती राज मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव एवं विकसित भारत संकल्प यात्रा के राज्य प्रभारी अधिकारी श्री सीएस कुमार ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये भारत सरकार के प्रमुख योजनाओं के लिए आउटसोर्सिंग गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने हेतु विकसित भारत संकल्प यात्रा आयोजन के सम्बन्ध में सभी जिला कलेक्टरों की समीक्षा बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए। अतिरिक्त सचिव व विकसित भारत संकल्प यात्रा के राज्य प्रभारी अधिकारी श्री सीएस कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 वर्षों से जनहित के अनेक कार्य हुए हैं। इसी कड़ी में विगत माह से विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है ताकि आमजन को हुए लाभ और जनहितकारी योजनाओं से तत्काल मौके पर निराकरण किए जायेंगे।

उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 16 दिसंबर को आईईसी वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे जिसमे छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय भी जुड़ेंगे। उन्होंने सभी कलेक्टरो से विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए जिससे केन्द्र सरकार के प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित लोगों मे समयबद्ध तरीके से पहुंचाया जा सके।



जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष से कलेक्टर श्री सौरभ कुमार सीईओ जिला पंचायत श्री विश्वदीप, निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई, अपर कलेक्टर श्री प्रदीप साहू व श्री दिनेश नाग, सभी सीएमओ नगरीय निकाय, शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य, कृषि सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने अतिरिक्त सचिव व राज्य प्रभारी अधिकारी श्री सीएस कुमार को जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु जिले में आवश्यक सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। इस हेतु जिला, विकासखण्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर समिति का गठन कर लिया गया है। साथ ही हर ग्राम पंचायत में जागरूकता वाहन के स्वागत-सत्कार और अभियान के बेहतर क्रियान्वयन हेतु स्वागत समिति एवं उत्सव समिति का गठन भी किया गया है। साथ ही आईईसी जागरूकता वाहन के यात्रा हेतु रूट चार्ट भी तैयार कर लिया गया है।

कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने वीडियों कान्फ्रेंसिग के पश्चात् जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु उपस्थित संबंधित अधिकारियों से इस अभियान के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले के सभी गांवों व कस्बो में विकसित भारत संकल्प यात्रा'' के प्रचार प्रसार गम्भीरता से करें। कलेक्टर ने इस दौरान जनभागीदारी गतिविधि, ग्राम पंचायत, स्थानीय हितग्राहियों को आमंत्रण, सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी, स्व-सहायता समूह, कृषि गतिविधियों के आयोजन, केन्द्र सरकार के विभिन्न योजनाओं के सफल लाभार्थियों द्वारा उनका अनुभव साझा करना तथा पोर्टल में जानकारी अपलोड कराने के संबंध में आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों के जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड, स्वच्छ भारत अभियान, जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर जल योजना, जन धन योजना, सुरक्षा बीमा, जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन योजना जैसी शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने की बात कही। साथ ही टीबी स्क्रीनिंग, सिकल सेल, एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में आदिवासी विद्यार्थियों के पंजीयन, वन धन विकास केंद्र जैसी योजनाओं के बारे में भी लोगों को जागरूक करने के लिए कहा। जिससे इन योजनाओं के लाभ देश के हर कोने तक पहुंचे।



## मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**कोरबा ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी के मार्गदशर्न में सेंटर फार कैटेलाइजिंग चेंज (सी-3) के द्वारा विगत 12 एवं 13 दिसंबर 2023 को सुमन (सुरक्षित मातृत्व आश्वासन) कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर्स का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन ब्लू डायमंड होटल कोरबा में किया गया। इस अवसर पर डीएचओ डॉ.सी.के सिंह, स्टेट हेड सी-3 इंडिया श्री दिलीप सरवटे, डॉ. नोमिता चॉन्डियोक, डॉ. रश्मि आसिफ, ट्रेनर तथा सी इंडिया के जिला व ब्लाक को-ऑर्डिनेटर, प्रशिक्षार्थी उपस्थित थे।

सुमन (सुरक्षित मातृत्व आश्वासन) कार्यक्रम का उद्देश्य रोकी जा सकने वाली सभी मातृ एवं शिशु मृत्यु की घटनाओं और बीमारी को समाप्त करते हुए सकारात्मक प्रसव अनुभव प्रदान करने के लिए शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र में आने वाले प्रत्येक महिला और शिशु के लिए आश्वस्त सेवाएं, इनकार के लिए शून्य, सहनशीलता और गरिमामय, सम्मानपूर्ण व नि:शुल्क उच्च स्तरीय स्वास्थ्य देखभाल उपलब्ध कराना है। सुमन कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर्स को इस कार्यक्रम के उद्देश्य स्तंभ, सुमन स्वास्थ्य केन्द्र के तत्व, सुमन सेवा की गारंटी, अपमान और दुर्व्यवहार की श्रेणी, महिला और नवजात के 12 विश्व व्यापी अधिकार, जेंडर को समझना तथा समानता का वातावरण बनाना इत्यादि से संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे शुभारंभ

**कोरबा ।** केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से आरंभ की जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी शनिवार 16 दिसम्बर को दोपहर चार बजे करेंगे। प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से देश भर में यात्रा के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों से जुड़ेंगे और हितग्राहियों से चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय रायपुर से वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम के लिए जिलों से दोपहर 3 बजे कनेक्ट होंगे और यात्रा के संबंध में वर्चुअल संवाद करेंगे।

केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम आईईसी मोबाइल वैन के जरिए होगा। इसके जरिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पाम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

### स्वास्थ्य मेला और अन्य जरूरी सुविधाओं के लिए कैंप भी-

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला, उज्जवला योजना, आधार कार्ड अपडेशन आदि के स्टॉल होंगे। इसके साथ ही नागरिक उपयोगी अन्य सभी योजनाओं का लाभ दिलाने भी इन स्टाल में व्यवस्था होगी। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाएं सम्मिलित होंगी। ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हेल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र आदि से संबंधित गतिविधियां शामिल होंगी। शहरी क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवल योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना शहरी, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, आरसीएस योजना और खेलो इंडिया से संबंधित योजनाएं व गतिविधियाँ शामिल होंगी।

### वेब पोर्टल से होगी मॉनिटरिंग-

भारत सरकार और पीएमओ द्वारा इस यात्रा की मॉनिटरिंग वेब आधारित पोर्टल से की जाएगी। यात्रा से संबंधित सामग्री इस वेब पोर्टल में साझा की जाएगी। साथ ही हितग्राहियों को दिये जाने वाले लाभ की सूचना इस पोर्टल में होगी। शिविरों में आने वाले आवेदनों के संबंध में भी जानकारी इस पोर्टल में होगी।

### शहरी क्षेत्रों में 4 और ग्रामीण क्षेत्रों में 70 लोकेशन में आयोजित होगा कार्यक्रम-

छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों में कार्यक्रम का आयोजन रायपुर, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग में होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न जिलों के 70 स्थलों का चयन कार्यक्रम के लिए किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में रायपुर जिले में 2, दुर्ग जिले में 8, महासमुंद जिले में 1, बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 1, बिलासपुर जिले में 2, अंबिकापुर जिले में 5, जशपुर जिले में 5, सूरजपुर जिले में 5, मोहला-मानपुर जिले में 3, कोंडागांव जिले में 3, सुकमा जिले में 3, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-बैकुंठपुर जिला में 3, बस्तर जिले में 4, बीजापुर जिले में 4, जांजगीर जिले में 5, बलरामपुर जिले में 3, नारायणपुर जिले में 3, दंतेवाड़ा जिले में 4 तथा कोरिया जिले में 4 ग्रामीण क्षेत्रों के लोकेशन में यह कार्यक्रम होंगे।

### जस गीत में जमकर झूमे श्रोता

**कोरबा।** सार्वजनिक श्री कृष्णा जन्माष्टमी उत्सव समिति पुरानी बस्ती द्वारा शुक्रवार की शाम भव्य देवी जागरण का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय जस गायक मनीष मनचला और उनकी टीम ने रंगारंग भजनों की प्रस्तुति दी। सर्वप्रथम बतौर मुख्य अतिथि शामिल राजा रवि भूषण प्रताप सिंह ने मां भगवती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना की। इसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । वहीं आयोजन समिति के सदस्यों ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल डॉ विवेक रंजन महतो का भी पुष्प गुच्छ से आत्मीय स्वागत किया। यस गायक मनीष मनचला और उनकी टीम ने भक्ति संगीत की ऐसी प्रस्तुति दी जिसे सुनकर श्रद्धालु देर रात तक झूमने को मजबूर हो गए। वहीं देवी देवताओं की आकर्षक झांकियों को देख लोग भाव विभोर हो उठे।

## एनडीआरएफ ने जिला पंचायत में टेबल टॉप मॉक ड्रिल का किया प्रदर्शन

**कोरबा ।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशानुसार आज जिला पंचायत सभाकक्ष में एनडीआरएफ मुण्डली कटक (उड़ीसा) के अधिकारी/ जवानों द्वारा कैमिकल, बायोलाजिकल, रेडियोलाजिकल एवं न्यूक्लियर, डिजास्टर से संबंधित टेबल टाप एवं प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री दिनेश कुमार नाग एवं जिला सेनानी श्री पी.बी. सिदार सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



टेबल टाप मॉकड्रिल में एनडीआरएफ की टीम द्वारा कैमिकल, बायोलाजिकल, रेडियोलाजिकल एवं न्यूक्लियर, डिजास्टर से बचाव कार्य के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए टेबल टॉप एक्सरसाइज (टीटीई) का प्रदर्शन किया। व्याख्यान कार्यक्रम में निजी एवं सार्वजनिक क्षेत्र एसईसीएल कुसमुडा, बालको पावर प्लांट, नगर सेना कोरबा, लैंको पावर प्लांट, सीएसईबी पूर्व एवं पश्चिम तथा के टी. एस. पावर प्लांट की रेस्क्यू टीम तथा नगर पंचायत कटघोरा एवं नगर पंचायत दीपका के सुरक्षा कर्मी उपस्थित थे। इसी कड़ी में 16 दिसंबर 2023 को एनटीपीसी जमनीपाली कोरबा में केमिकल डिजास्टर से संबंधित माक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

## अधिकतम पात्र हितग्राहियों को मिले विकसित भारत संकल्प यात्रा का लाभ: विश्वदीप

**कोरबा ।** कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देशन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विश्वदीप ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारी के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य की पूर्ति हेतु शेष सभी पात्र हितग्राहियों को विभिन्न विभागों की योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। कोई भी पात्र हितग्राही संकल्प यात्रा के लाभ से वंचित ना रहे।

उन्होंने सभी अधिकारियों को विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफलता के लिए सभी जनपद स्तरीय अधिकारी एवं मैदानी अमला सजग रहने एवं अपने जिम्मेदारी एवं दायित्वों का निर्वहन गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने बीईओ-डे नोडल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सर्व जनपद पंचायत, ग्राम सचिव आदि को विशेष भूमिका निभाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीईओ ने निर्देश दिए कि सभी विभाग निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार ग्राम पंचायतों में अपनी तैयारियां पूर्ण कर लेवें। इसके तहत हितग्राहियों के चयन, उनकी आवश्यक जानकारी पहले से संग्रहित कर लेवें ताकि मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत उनके अच्छे वीडियो एवं फोटोग्राफ्स पोर्टल में अपलोड किए जा सकें।

श्री विश्वदीप ने निर्देशित किया कि डे नोडल अधिकारियों के द्वारा डाटा एंट्री के लिए जियो टैगिंग एवं अक्षांश एवं देशांश की तैयारी पूर्व ही कर ली जाए। विश्वकर्मा योजना के तहत लोहार एवं बढ़ई के कार्य करने वालों का पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के लिए तैयारी पहले से पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने सभी सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया कि यात्रा के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत पटवारी एवं सचिवों के द्वारा ग्राम पंचायतों में विशेष पिछड़ी जनजाति के संबंध में निर्धारित प्रपत्र के आधार पर जमीनी स्तर पर सर्वे किया जाए ताकि उन्हें समाज की मूख्यधारा में शामिल कर लाभान्वित किया जा सके। संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामों में, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, ग्रामीण एवं पंचायत विभाग आदि के द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे जिसमें पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, श्रमिक कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड आदि सामग्री वितरित की जाएगी।

## बालको क्षेत्र में सड़को का होगा मरम्मत

**कोरबा ।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सौरभ कुमार के निर्देशन में बालको अंतर्गत मार्गो का मरम्मत कार्य किया जाना है। इस हेतु जिला परिवहन अधिकारी कार्यालय द्वारा 18 एवं 19 दिसंबर को मरम्मत कार्य दिन उक्त मार्गों में चलने वाले वाहनों के आवागमन को बंद करने हेतु अनुरोध किया गया है।कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने जिला परिवहन अधिकारी कोरबा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी कोरबा एवं पुलिस विभाग द्वारा प्रस्तुत संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर छत्तीसगढ़ मोटरयान नियम 1994 के नियम-215 के तहत् प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग में लाते हुए लोक सुरक्षा के दृष्टि से बालको प्रबंधन द्वारा प्रेषित पत्र के अनुसार बालको अंतर्गत मार्गों के मरम्मत हेतु 18 एवं 19 दिसंबर 2023 को उक्त मार्ग में चलने वाले सभी प्रकार के वाहनों के परिवहन को एक-एक दिवस के लिए प्रतिबंधित किया है। जिसके अंतर्गत मेजर ध्यानचंद चौक से रिस्दा चौक के बीच पड़ने वाले तीनों पुल (मेजर ध्यानचंद चौक के समीप नहर पर स्थित पुल, बेलगिरी नाले पर सहित पुल और डेंगुर नाले पर स्थित पुल) पर आवश्यक मरम्मत कार्य सम्पादित करने के लिए उक्त मार्ग पर समस्त प्रकार के वाहनों की आवाजाही को 18 दिसंबर 2023 को प्रतिबंधित किया है। इसी प्रकार रिस्दी से रिस्दा चौक के बीच मरम्मत कार्य के लिए 19 दिसंबर 2023 को एक दिवस के लिए प्रतिबंधित किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त तिथि को प्रतिबंधित मार्ग में चलने वाले वाहन एवं भारी वाहनों के आवागमन हेतु वैकल्पिक मार्ग का निर्धारण किया गया है। जिसके तहत गेवरा, दीपका, कुसमुण्डा से लोड़ लेकर प्रस्तावित मरम्मत होने वाली मार्ग से होकर गुजरने वाले भारी मालवाहनों को गेवरा, दीपका, कुसमुण्डा से सर्वमंगला चौक होकर, सर्वमंगला नहर मार्ग से तरदा, कुदुरमाल, उरगा, बरबसपुर रिस्दी चौक से गुजरते हुए बालको की ओर परिवहन की अनुमति रहेगी। इसी प्रकार रिस्दी से रिस्दा चौक के मध्य मरम्मत कार्य के लिए गेवरा, दीपका, कुसमुण्डा, से कोयला लोड लेकर चलने वाली भारी मालवाहनों को गेवरा, दीपका, कुसमुण्डा से होते हुए सर्वमंगला चौक, राताखार, बाईपास से गेरवाघाट होते हुए ध्यानचंद चौक, रूमगरा, बालको की ओर परिवहन की अनुमति रहेगी।

### सेवानिवृत्त होने पर कर्मी स्वप्ना का मजदूर संघ ने किश सम्मान

**कोरबा।** भारतीय मजदूर संघ जिला कोरबा के द्वारा श्रीमती स्वप्ना कोलवाड़कर के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान किया गया। आज दिनांक 14 दिसंबर 2023 को भारतीय मजदूर संघ जिला कोरबा के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा श्रीमती स्वप्ना कोलवाड़कर दीदी के छत्तीसगढ़ विद्युत कंपनी आवासीय परिसर स्थित घर जाकर विद्युत कंपनी से सेवानिवृत्त होने पर शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया तथा उनके सामाजिक जीवन मे नए अध्याय में प्रवेश करने पर शुभकामनाएं दी गई। विदित हो कि आदरणीया दीदी जी ने सन 1985 में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल (वर्तमान में विद्युत कंपनी ) के वितरण विभाग में अपने नौकरी की शरुआत की थी, उसके बाद जनरेशन कंपनी के विभिन्न विद्युत गृहों में लगातार 38 वर्ष 8 माह के लंबी सेवा उपरांत विगत 30 नवंबर को डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह कोरबा पूर्व से सेवानिवृत्त हुई है। इस अवसर पर आदरणीया दीदी जी के द्वारा बीएमएस के 70 वर्ष कार्यक्रम हेतु सहयोग राशि के रूप में भारतीय मजदूर संघ जिला कोरबा को ? 21000/- का चेक प्रदान की गई।



## संभाग स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एकलव्य विद्यालय छुरीकला में सम्पन्न





कोरबा। कार्यालय आयुक्त /पदेन सचिव छ. ग. राज्यस्तरीय आदिम जाति कल्याण आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति रायपुर छ. ग. के निर्देशन में तथा कलेक्टर /पदेन अध्यक्ष आदिवासी विकास विभाग कोरबा व सहायक आयुक्त /पदेन सचिव के कुशल मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी प्रतियोगिता का समापन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय छुरी में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेमचंद पटेल विधायक कटघोरा की उपस्थिति रही द्य उक्त कार्यक्रम दिनांक 15/12/2023 कोरबा जिला के लिए ऐतिहासिक दिन रहा जहाँ संभाग के पांच जिले रायगढ़, सक्ति, जी. पी. एम., मुंगेली व कोरबा के होनहार बाल वैज्ञानिको ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न विद्यालयों का नाम रोशन किया इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जन प्रतिनिधि गोविन्द सिंह कंवर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, कटघोरा हीरा पंजवानी नगर पंचायत उपाध्यक्ष छुर्री , संजय शर्मा जिला मंत्री भाजपा कोरबा, देवेंद्र देवांगन, टेकचंद अग्रवाल, डॉ मनोज विश्वास, जगदीश देवांगन, रमेश श्रीवास,होरी चेलकर, अनुराग, समजीत, डाकेश्वर, राघेव कीर्ति बिंझवार,अजय दुबे, तीरिथ गोड़, जैराम, जयसिंह, रुपेश डडसेना, पीयूष पंजवानी के साथ आदिवासी विकास से सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर, देवेंद्र सिंह पाटले सहायक संचालक, विकास पाण्डेय, अमन राम, एकलव्य विद्यालय छुरी के प्राचार्य रामचंद्र नामदेव पोड़ी रामपुर प्राचार्य गणेश राम राजपूत, पाली के प्राचार्य एम. पी. पटेल, मण्डल संयोजक कटघोरा अजय श्रीवास्तव, विभिन्न जिलों के मार्गदर्शक, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं तथा निर्णायक मण्डल में गौरव शर्मा प्राचार्य प्रयास आवासीय विद्यालय कोरबा, डॉक्टर गौतम प्रसाद सहा. प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय कटघोरा, डॉक्टर रुद्रपाल सिंह बी. एम. ओ. कटघोरा, डॉ. संदीप शुक्ला प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय कोरबा, जे. सिंह देवांगन प्रोफेसर शास. कॉलेज दीपका व देवेन्द्र सिंह सहायक संचालक आदिवासी विकास विभाग कोरबा उपस्थित रहे। बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के मॉडल विभिन्न थीम लिए हुए विषय पर प्रस्तुति दिए।

मुख्य अतिथि ने अपने उद्गार में बाल वैज्ञानिकों को शुभकामना देते हुए डॉ ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा दी द्य उनके सारगर्भित उद्बोधन में जहां विद्यालय के छात्र छात्राओं में खुशी की लहर उठी वहीं उपस्थित जन समूह व अधिकारी कर्मचारी उत्साहित नजर आए बाल वैज्ञानिक प्रतियोगिता प्रदर्शनी में प्रतिभा का चयन हुआ उसमें विभिन्न प्रकार के मूल कथानक (समाज के लिए विज्ञान व तकनीकी) के अंतर्गत परिणामों की घोषणा की गई जिसमें उपकथानक स्वास्थ्य में प्रथम ॰ रायगढ़ जिलाजीवनशैली में॰ प्रथम-कोरबा, द्वितीय-रायगढ़, तृतीय-सक्ति कृषि में॰ प्रथम-सक्ति, द्वितीय-मुंगेली, तृतीय-कोरबा संचार एवं परिवहन में॰ प्रथम रायगढ़, द्वितीय कोरबा कंप्यूटेशनल थिंकिंग में॰ प्रथम, द्वितीय-सक्ति, कोरबा, तृतीय रहें।उपरोक्त सभी के मॉडल राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।सहायक आयुक्त का कुशल मार्गदर्शन व कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्था के प्राचार्य रामचंद्र नामदेव के साथ पाली व पोड़ी के प्राचार्य का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन जी. आर. राजपूत व खिलेश्वरी गोभिल ने किया।

# मलदा में युवक को रोककर प्राणघातक हमला, 4 गिरफ्तार



**हसौद।** पैसे देने से इंकार करने पर चार युवकों ने मिलकर छह माह पहले ग्रामीण के ऊपर जानलेवा हमला कर दिया था। अपराध दर्ज होने के बाद से आरोपित युवक फरार थे। पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला हसौद थाना का है।थाना प्रभारी ने बताया कि मल्दा निवासी रविशंकर कश्यप 30 मई की सुबह अपने घर से महालक्ष्मी बाई हाई स्कूल के किनारे ट्यूब वेल पम्प को चालू करने के लिये कमरे के अंदर गए थे। सुबह करीब 4.30 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति ने रविशंकर कश्यप के सिर के ऊपर ताबड़तोड़ वार कर दिया जिससे उसका सिर फट गया और खून निकलने लगा।

उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले में पुलिस ने उसके दामाद रमेश कुमार कश्यप की रिपोर्ट पर भादवि की धारा 307 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुटी हुई थी। विवेचना के दौरान पता चला कि रविशंकर कश्यप के मोबाइल पर फोन करके किसी ने रुपए की मांग की थी। पुलिस ने मोबाइल का सीडीआर, टीडीआर नंबर की जांच की ।जिसके बाद पुलिस ने संदेही मल्दा निवासी राजेश खूंटे, पंकज टंडन, हसौद निवासी सिद्धार्थ नागेश और बड़े रबेली निवासी रमेश महिलांगे को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

जिस पर उन्होंने बताया कि 21 मई को रविशंकर कश्यप के मोबाईल में फोन कर पैसे की मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। मगर उसने पैसे देने से इंकार कर दिया। जिसके बाद 30 मई की सुबह हत्या करने की नीयत से उसके सिर पर लकड़ी से वारकर करना स्वीकार किया। पुलिस ने चोरों आरोपित युवक राजेश खुंटे, रमेश महिलांगे, पंकज टण्डन , सिद्धार्थ नागेश कोभादवि की धारा 307, 385, 506 (बी), 201 , 34 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## तीन दिन में ही 3 लाख 50 हजार क्विंटल धान की खरीदी

**जांजगीर - चांपा।** किसानों को नई सरकार बनने का बेसब्री से इंतजार था। प्रदेश में भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बन गई है। ऐसे में चुनाव परिणाम के पहले जिन खरीदी केंद्रों में सन्नाटा देखने को मिल रहा था वहां अब धान बेचने के लिए किसानों की भीड़ उमड़ रही है। सरकार बनने और मौसम साफ होने के बाद अब केंद्रों में धान की आवक होने लगी है। तीन दिन में ही खरीदी केंद्रों में 3 लाख 50 हजार क्विंटल धान की आवक हुई है। इस हिसाब से प्रतिदिन 1 लाख क्विंटल से अधिक की धान खरीदी हो रही है।



# पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास की मिली सजा

**जांजगीर- चांपा।** पत्नी की चरित्र पर शंका करते हुए डंडे से वार कर उसकी हत्या करने वालेपति को सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अवरीद का है।अभियोजन के अनुसार अवरीद निवासी गंगाराम श्रीवास (32) अपनी पत्नी संगीता श्रीवास के चरित्र पर शंका करता था और हमेशा उससे गाली-गलौज और मारपीट करता था।



11 मार्च 2021 को लगभग 10 बजे इसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हुआ और गंगाराम श्रीवास ने बांस की लाठी से अपनी पत्नी पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया। इसी बीच गांव का जनीराम उसके घर पहुंचा तो वारदात की जानकारी हुई। आरोपित गंगाराम ने जनीराम की मदद से अपनी पत्नी को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया। जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की और उसके पति गंगाराम श्रीवास के विरूद्ध हत्या का अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया और अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।

मामले की सुनवाई कर सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार सोनी ने गंगाराम श्रीवास को पत्नी की हत्या के अपराध दोषी पाए जाने पर आजीवन कारावास एवं 5 हजार रूपए अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड नहीं पटाए जाने पर एक माह अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगताए जाने का आदेश दिया गया। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक राजेश पांडेय ने पैरवी की।

# सत्ता परिवर्तन के साथ 89 समितियों के अधिकारियों को बदलने की तैयारी

**जांजगीर- चांपा।** राज्य में सरकार बदलते ही समान्य प्रशासन विभाग ने सभी निगम, मंडल ,आयोग और सभा, समितियों में राजनैतिक नियुक्तियों को समाप्त करने के संबंध में आदेश जारी किया है। इस आदेश से सेवा सहकारी समितियों में प्राधिकृत अधिकारी के पद पर नियुक्त किए गए लोगों की नियुक्ति भी समाप्त हो जाएगी। जिले के 89 सहकारी समितियों में ये नियुक्तियां की गई है। समितियों में नियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों को अब अपना पद छोड़ना होगा।विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा सरकार बनते ही अब राजनैतिक नियुक्तियों को समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

समान्य प्रशासन द्वारा शुक्रवार को एक आदेश जारी किया गया है। जिसमें सभी विभाग के सचिवों से कहा गया है कि निगम ,मंडल, आयोग , सभा, समितियों में जो राजनैतिक नियुक्तियां की गई है और जिन्हें विधि के अधीन नहीं हटाया जा सकता उन नियुक्तियों को छोड़कर शेष राजनैतिक नियुक्तियों को समाप्त किया जाए। इस आदेश के तहत सहकारी समितियों में सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 49 (8) के तहत गैर शासकीय व्यक्तियों की



नियुक्ति प्राधिकृत अधिकारी के रूप में की गई है ये नियुक्तियां स्वत- समाप्त हो जाएगी। जिले के 101 सेवा सहकारी समितियों में से 89 समितियों में इस तरह की नियुक्ति हुई है जो समाप्त हो जाएगी। उनके स्थान पर अब शासकीय अधिकारी कर्मचारियों की नियुक्ति प्राधिकृत अधिकारी के रूप में की जाएगी। सेवा सहकारी समितियों में अधिकांश कांग्रेसियों की नियुक्ति हुई थी।

**ये नियुक्तियां भी होगी समाप्त**

सरकार द्वारा विभिन्न् विभागों में नियुक्त अध्यक्ष और सदस्यों को भी इस आदेश के तहत पद छोड़ना होगा। जिले में गौसेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, भवन एवं अन्य सन्ननिर्माण कर्मकार मंडल की सदस्य मंजू सिंह, श्रम कल्याण मंडल के सदस्य हरप्रसाद साहू, माटी कला बोर्ड की सदस्य पुनीता प्रजापति, कृषि उपज मंडियों के भार साधक समिति के अध्यक्ष व अन्य सदस्यों की नियुक्ति समाप्त होजाएगी उन्हें अपना पद छोड़ना होगा।

शासकीय कालेजोंमें जनभागीदारी समिति में अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति भी तत्कालीन प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से किया गया है। ये नियुक्तियां भी समाप्त हो जाएगी। ज्ञात हो कि जिस दल की सरकार होती है उस दल से जुड़े लोगों को इन पदों पर नियुक्ति दी जाती है। जनभागीदारी अध्यक्ष पद पर उन लोगों की नियुक्ति होती हैजो नगरीय या पंचायत निकायों में निर्वाचित जन प्रतिनिधि , पार्षद, अध्यक्ष, सरपंच या पंच हों।

जिले के 89 सेवा सहकारी समितियों में प्राधिकृत अधिकारी के रूप में राजनैतिक नियुक्तियां हुई थी । ये नियुक्तियां समाप्त हो जाएगी। शासकीय अधिकारी कर्मचारियों को प्राधिकृत अधिकारी का दायित्व मिलेगा।

उमेश गुप्ता
उप पंजीयक , सहकारी संस्थाएं जांजगीर-चांपा

## जल्द शुरू होगा शीतकालीन ताइक्वाडों प्रशिक्षण

**बिलासपुर।** स्थानीय पुलिस मैदान में जल्द ही शीतकालीन ताइक्कांडो प्रशिक्षण शिविर सत्र का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान बालक और बालिका वर्ग के खिलाड़ी आत्मरक्षा के गुर में परांगत होंगे। वही नए बच्चों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर आने वाले दो-तीन दिनों के भीतर शुरू हो जाएगा।

रोजाना सुबह साढ़े पांच बजे से सात बजे तक और शाम में चार से सात बजे तक यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें किकिंग, फाइटिंग, स्टेमना, पूमसे के आधुनिक खेल की विधा में सभी को दक्ष बनाया जाएगा। इससें छात्र आत्मरक्षा के गुर का सही आत्मसात करते हुए एक खिलाड़ी के रूप में आगे बढ़ सकेंगे।



# धर्मशाला में जुआ खेल रहे 15 लोगों से 52 हजार रूपए जप्त

**सक्ती।** बीती रात नगर के मध्य स्थित हटरी धर्मशाला में जुए का फड़ लगा था। पुलिस ने वहां दबिश दी और 15 जुआरियों से 52 हजार 4 सौ रूपए जब्त किया गया। जबकि वहां लाखों रूपए की फड़ लगने की चर्चा है मगर पुलिस इस संबंध में गोल-गोल जवाब दे रही है।हटरी धर्मशाला में 14-15 दिसंबर की दरमियानी रात जुआ का फड़ लगा था। पुलिस ने रात 12 बजे वहां दबिश दी और 15 जुआरियों को पकड़ा गया। उनसे पुलिस ने 52 हजार 4 सौ रूपए जब्त किया और जुआरियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिशेध अधिनियम 2012 द्वारा कार्रवाई की गई। जुआरियों को जमानत में छोड़ भी दिया गया मगर नगर में इस बात की चर्चा है कि 15 से 18 लाख रूपए का फड़ लगा था। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की औपचारिकता बस निभाईहै।

नगर में सट्टा और जुआ होना आम बात है मगर पुलिस कार्रवाई से कतराती है। जब मुखबिर द्वारा सूचना दी जाती हैतभी कार्रवाई होती है। वह भी कार्रवाई कम और खानापूर्ति अधिक होती है। इससे सटोरिए और जुआरियों के हौसले बुलंद हैं। जिला बनने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि यहां जुआ, सट्टा पर रोक लगेगा मगर ऐसा हुआ नहीं और लगातार जुआरियों की संख्या बढ़ रही है। जुआ, सट्टा पकड़ने पुलिस मुखबिरों पर ही निर्भर है। खुद से कोई कार्रवाई नहीं होती । सक्ती नगर ही नहीं आसपास के गांव में भी जुए का फड़ लगता है। इससे यहां का माहौल भी खराब हो रहा है।

**ये जुआरी पकड़े गए**

जिन 15 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया उनमें सक्ती के वार्ड क्रमांक 15 निवासी रविशंकर अग्रवाल, वार्ड क्रमांक 7 के मोहन अग्रवाल , वार्ड नंबर 3 के संजय जसवानी, वार्ड नंबर 7 के विकास अग्रवाल , वार्ड नं 8 के कान्हा शर्मा , राजा अग्रवाल , वार्ड नंबर 7 के सौरभ सलूजा , वार्ड नंबर 9 के मनीष राठौर , वार्ड 13 के सावन कुमार , तरूण भेडवानी , वार्ड क्रमांक 8 के अनुराग जायसवाल, वार्ड क्रमांक 16 के रॉकी अग्रवाल , चांपा के वार्ड क्रमांक 21 के बिक्कू मित्तल , वार्ड क्रमांक 23 के योगेन्द्र अग्रवाल , वार्ड क्रमांक 18 के नागरमल अग्रवाल के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

# 244 युवाओं ने दम दिखाया अग्निवीर बनने के लिए

**जांजगीर - चांपा ।** अग्निवीर भर्ती रैली पुलिस लाइन में 15 दिसंबर से प्रारंभ हुई। रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को शनिवार की रात 12 बजे अंदर प्रवेश दिया गया। पहले दिन प्रदेश के तीन जिलों बिलासपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर और सक्ती के 815 युवाओं को एडमिट कार्ड जारी किये गये थे, जिसमें 680 उम्मीदवार शामिल हुए। जिसमें से 244 युवाओं ने दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण की है। दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों को इसके बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्रवाई और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजरना होगा।



भारतीय सेना द्वारा अप्रैल 2023 में अग्निवीर भर्ती रैली के लिए आनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था, जिसमें कई राज्यों के युवा परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश के 6 हजार 875 अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा को पास किया है। ऐसे युवकों की शारीरिक दक्षता जांचने के लिए सेना कार्यालय रायपुर द्वारा फिजिकल टेस्ट के लिए पुलिस लाइन जांजगीर में भर्ती रैली आयोजित की जा रही है। सेना भर्ती रैली की प्रक्रिया में इस बार परिवर्तन किया गया है। पहले फिजिकल होता था उसके बाद लिखित परीक्षा होती थी मगर अब पहले लिखित परीक्षा होती है उसके बाद लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले युवाओं की फिजिकल जांच होती है। टाईमलाइन के मुताबिक प्रथम आने वाले अभ्यार्थियों के आगे की प्रक्रिया होगी। पहले चरण में केवल 1600 मीटर का दौड़ होगा, वहीं महिला अभ्यर्थी के लिए 100 मीटर की दौड़ होगी। उसके बाद अभ्यर्थी को बायोमेट्रिक्स अटेडेंस देना होगा। फिर सभी दौड़ में पास हुए अभ्यर्थी जिगजैक पार करेंगे।

उसके बाद सभी फिजिकली टेस्ट के बाद मेडिकल टेस्ट देना होगा, जिसमें उनका सभी प्रकार की मेडिकल जांच की जाएगी। अग्निवीर भर्ती रैली शुक्रवार से प्रारंभ हुई। रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को शनिवार की रात 12 बजे अंदर प्रवेश दिया गया। पहले दिन प्रदेश के तीन जिलों बिलासपुर, मनेंद्रगढ़ - चिरमिरी - भरतपुर और सक्ती के 815 युवाओं को एडमिट कार्ड जारी किये गये थे, जिसमें 680 उम्मीदवार शामिल हुए। जिसमें से 244 युवाओं ने दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण की है। दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों को इसके बाद शारीरिक प्रवीणता, कागजी कार्रवाई और मेडिकल की प्रक्रिया से गुजरना होगा। इसके लिए भर्ती स्थल में ही मेडिकल टीम की व्यवस्था की गई है।

**भावी अग्निवीरों ने ठंड से लिया लोहा**

अग्निवीर भर्ती रैली पुलिस लाइन में शुक्रवार से प्रारंभ हुई। अभ्यर्थियों को शनिवार को आधी रात को पुलिस लाइन में अंदर प्रवेश दिया गया। इसके बाद वे दौड़ में शामिल हुए। इसके पहले अग्निवीर बनने के लिए रैली में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को ठंड से लोहा लेना पड़ा। अभ्यर्थी 15 डिग्री न्यूनतम तापमान में अपनी बारी का इंतजार करते बैठे थे।

## जलापूर्ति शुरू होने के बाद जलजीवन मिशन से अब हो रहा बोर खनन

**जांजगीर चांपा।** क्योंकि जो काम पानी टंकी बनाने के पहले हो जाना था उसकी सुध अफसरों को अब आ रही है जब 80 फीसदी गांवों में पानी टंकी या तो खड़ी हो चुकी है या गांवों में पानी सप्लाई तक शुरु हो गई है। इसके पीछे बोर खनन में भी खेल की बू आ रही है क्योंकि पहले से ही अधिकांश गांवों में पंचायतों में पुराने बोर को जोड़ा गया है लेकिन पुराने बोर होने से दाल नहीं गल पाई तो अब नया बोर खनन कराने का हवाला दिया जा रहा है। गौरतलब है कि अविभाजित जांजगीर-चांपा जिले के 880 ग्रामों में जेजेएम का काम तीन सालों से चलता आ रहा है। इस दौरान अधिकांश गांवों में यह देखने को मिल रहा है कि नए बोर खनन कराने के बजाए गांवों में जो सालों पुराने बोर हुए थे, वहां आसपास नई पानी टंकी खड़ी कर पुराने बोर से ही टंकी का कनेक्शन जोड़ दिया गया है। अधिकांश ग्रामों में जेजेएम के तहत ऐसा ही काम हुआ है लेकिन अब इसमें पेंच ये फंस गया है कि पुराने बोर की उतनी क्षमता नहीं है कि नए विशालकाय टंकी को भरा जा सके। पुराने बोर हांफ रहे हैं। उनके सहारे विशालकाल टंकी को भरना बीरबल की खिचड़ी की तरह साबित हो रहा है।



**इन पंचायतों के पुराने बोर का उपयोग**

बलौदा ब्लॉक के ग्राम करमंदी में जेजेएम के तहत काम हुआ है। यहां पंचायत के द्वारा पूर्व में कराए गए बोर के पास ही नई टंकी खड़ी की गई है और पुराने बोर से ही टंकी को भरने कनेक्शन जोड़ दिया गया है। मगर ग्रामीणों को अभी भी पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा। इसी तरह पामगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत कमरीद में ही जेजेएम के तहत नई पानी टंकी तो बनाई गई है लेकिन यहां भी नए बोर खनन कराने के बजाए गांव में पुराने हुए बोर में ही कनेक्शन जोड़ दिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इसके चलते पुराने बोर से जो पानी मिल जाता था वो भी बंद हो गया। अब भी पानी के लिए भटक रहे हैं। ऐसे ही अधिकतर पंचायतों में पुराने बोर का भी इस्तेमाल किया गया है।

सभी ग्रामों में बोर खनन के लिए टेंडर हो गया है। पंचायतों में हुए पुराने बोर का उपयोग भी करना शामिल है, इसलिए पानी टंकी से जोड़ा गया होगा। जहां टंकियां बनी है और बोर की आवश्यकता है, वहां बोर खनन कराए जाएंगे।

पीके सुमन, ईई, पीएचई

## पेंशन अदालत में चार प्रकरणों का निराकरण

**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड के आदेश पर बिलासपुर मंडल में हर तिमाही पेंशन अदालत का आयोजन किया जाता है। जिसमें पेंशन से संबन्धित समस्याओ का निराकरण किया जाता है। इसी संदर्भ में मंडल कार्मिक सभाकक्ष में शुक्रवार को पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। जहां 04 आवेदन प्राप्त हुये थे। प्राप्त सभी आवेदनों पर सहायक मंडल वित्त प्रबंधकअविनाश जाधव, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी आर शंकरन, पेंशन सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं आवेदकों के मध्य गहन विचार-विमर्श कर रेलवे नियमानुसार सभी मामलों का तत्काल निराकरण किया गया। पेंशनअदालत में कार्मिक एवं लेखा विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## डबल इंजन की बनी सरकार तो योजना पकड़ने लगी रफ्तार

**बिलासपुर।** शहर के विभिन्न वार्डों में आज से लगाएंगे शिविर, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र के अफसर होंगे शामिल डबल इंजन की सरकार बनी तो सरकारी योजनाएं रफ्तार पकड़ने लगी है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर राज्य सरकार ने फोकस करना शुरू कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अति महत्वाकांक्षी योजना में से एक है पीएम विश्वकर्मा योजना। छत्तीसगढ़ में योजना के क्रियान्वयन को लेकर अब काम प्रारंभ हो रहा है। योजना के हितग्राहियों को आनलाइन आवेदन की सुविधा दी जा रही है। आनलाइन आवेदन करने वाले हितग्राहियों को जरुरी जानकारी देने के लिए विभागीय अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। इसकी जिम्मेदारी जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र को दी गई है। योजना के संचालन से लेकर हितग्राहियों को केंद्र की योजना के अनुसार लाभ दिलाने का काम करना होगा।


**CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.**
**(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN:U40108CT2003SGC015821**

No.15-06/S&P/W/TN-123/23/3288 Marwa, dtd. 15.12.2023

**NOTICE INVITING E-TENDER NO. TN-123/2023**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from experienced firms for work as mentioned below for ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa

| S. No | Tender Specification No. | RFx No. (E-Tender No.) | Particulars | Last Date/Time of submission of bid. | Tender Fee (Rs.) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 15-06/ S&P/ EE-II/W/ T-182/23 | 8100034925 | Work contract for HAZOP study for chorine and hydrogen gas, gas dispersion study for hydrogen and chlorine and HIRA study of hazardous activities for 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 09.01.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 7,100/- |
| 02. | 15-06/ S&P/ EE-II/W/ T-183/23 | 8100034919 | Work contract for daily cleaning at SE (Store), 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 10.01.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 8,700/- |
| 03. | 15-06/ S&P/ EE-II/W/ T-184/23 | 8100035118 | Work contract for Deployment of Data Entry Operators for Officials working under administrative control of Addl CE(O&M), 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 11.01.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 13,400/- |
| 04. | 15-06/ S&P/ EE-II/W/ T-185/23 | 8100035006 | Work contract for Capital Overhauling 10MVA Transformer with NGT Installed at CHP, 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 11.01.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 10,100/- |
| 05. | 15-06/ S&P/ EE-I/W/ T-186/23 | 8100035010 | Online Filtration of Lube Oil of MOT, TDBFP (Servo Prime-46) & MDBFP Oil (Servo HLP-32) installed in Unit# 1 & 2, 2x500 MW, ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa. | 11.01.2024 15:30 Hrs | Rs. 590/- (500 + GST @18%) | Rs. 6,750/- |

The bidder shall deposit the requisite Tender Fee & EMD amount online through our e-bidding portal before due date and time. For other details, please visit our website www.cspc.co.in/CSPGCL/Ebidding/Ebidding web portal. Any Extension/ Corrigendum / amendments, if required, shall be displayed on above websites only.

Superintending Engineer (Contract)
O/o The Addl. Chief Engineer (S&P) ABVTPS, CSPGCL, Janjgir-Champa


// SAVE ELECTRICITY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION //

S-39138/3


# खुद को तांत्रिक बताकर कई लोगों से लाखों की ठगी करने वाले व्यक्ति को दबोचा पुलिस ने

**जांजगीर चांपा।** तंत्र-मंत्र के नाम पर शादी की समस्या का समाधान करने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। टीवी चैनलों में विज्ञापन देकर ठग गिरोह नया-नया पैतरा आजमाकर लोगों को अपने झांसे में ले रहा है। आप ऐसे ठगी से सावधान रहे। युवक ने अन्य लोग ठगी का शिकार न होकर कहकर इसकी शिकायत एसपी से की है।

शिकायत में सच्चिदानंद उर्फ संजय शर्मा ने बताया कि बाबा सुल्तान मिर्जा तांत्रिक मास्टर टीवी समाचार में तंत्र-मंत्र के द्वारा शादी विवाह का तुरंत समाधान के लिए प्रचार किया जा रहा है। विगत कई महिनों से इसका समाचार अखबार व टीवी में देखने के बाद में सच्चिदानंद उर्फ संजय शर्मा शादी-विवाह के विषय में इसके मोबाईल नम्बर डायल कर इसे अपनी समस्या का समाधान के लिए मोबाईल से 30 नवम्बर को बात किया व अपनी समस्या का समाधान के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने 3 घंटे के अंदर आपकी समस्या का समाधान हो जाएगा कहते हुए नर्गिस के एकाऊंट नम्बर रसीद संलग्न है। 30 नवम्बर को ग्राहक सेवा केन्द्र से नर्गिस के अकाऊंट में 5 हजार 2 सौ रुपए भेज दिया, लेकिन इसके द्वारा किसी प्रकार की समस्या का समाधान नहीं किया गया। इसके बाद मोबाईल नम्बर से बात करने पर गाली-गलौच किया गया। फिर बाद में फोन उठाना ही बंद कर दिया। इससे परेशान होकर शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत करते हुए कहा कि इस तांत्रिक मास्टर किंग खान बावा सुल्तान मिर्जा बहुत बड़ा फ्राड व धोखेबाज व्यक्ति है। इसके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।



## अनमोल वचन

**समय को पहचानना ही मनुष्य के सीखने की सर्वोत्तम कला मानी गई है..!**

# निष्पक्ष चुनाव का सवाल

*यह समझना मुश्किल है कि इस समय जबकि सत्ता के लगभग पूरे तंत्र पर सरकार का नियंत्रण है, चुनावों की निष्पक्षता और उनमें सभी पक्षों का भरोसा सुनिश्चित करने वाली एक साधारण-सी व्यवस्था भी वह क्यों बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। विपक्ष के तमाम एतराज और विरोध को दरकिनार करते हुए केंद्र ने चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति प्रक्रिया बदलने संबंधी विधेयक को राज्यसभा से पारित करा लिया। यह इस बात का साफ संकेत है कि अपने बहुमत के दम पर वर्तमान सरकार ऐसे कदम भी बेहिचक उठा रही है, जिससे देश के लोकतंत्र की बुनियाद पर प्रहार होगा। इससे पहले कि इस प्रस्तावित कानून के असर पर बात करें, इस तथ्य को भी जरूर रेखांकित किया जाना चाहिए कि इस वर्ष यह दूसरा बिल है, जो सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को पलटने के लिए लाया गया है। इसके पहले दिल्ली सेवा विधेयक के जरिए दिल्ली सरकार के अधिकार संबंधी अदालत के फैसले को पलटा जा चुका है। अब इस बिल के जरिए इस वर्ष मार्च में आए सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के उस निर्णय पलटा जा रहा है, जिसमें कोर्ट ने निर्वाचन आयुक्तों के नियुक्ति करने वाली समिति की संरचना तय की थी। कोर्ट ने कहा था कि इस समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता, और प्रधान न्यायाधीश होंगे। स्पष्टतः मकसद इन नियुक्तियों में यथासंभव निष्पक्षता को सुनिश्चित करना था। मगर सरकार को यह बात पसंद नहीं आई। तो अब लाए गए बिल में नियुक्ति समिति से भारत के प्रधान न्यायाधीश को निकाल देने और उनकी जगह एक केंद्रीय मंत्री को शामिल करने का प्रावधान किया जा रहा है। यानी समिति में सरकार अपना बहुमत सुनिश्चित कर रही है, ताकि वह जिसे चाहे उसे निर्वाचन आयुक्त बना सके। यह समझना मुश्किल है कि इस समय जबकि सत्ता के लगभग पूरे तंत्र पर सरकार का नियंत्रण है, निष्पक्षता और सभी पक्षों का भरोसा सुनिश्चित करने वाली एक साधारण-सी व्यवस्था भी वह क्यों बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। देश में आयोजित हो रहे चुनावों पर पहले से ही कई हलकों से और कई तरह के सवाल उठ रहे हैं। उसके बीच इस नए विवाद को हवा दे दी गई है। ऐसा करते हुए इस अपेक्षा की घोर अनदेखी की जा रही है कि चुनाव प्रक्रिया में सबका यकीन लोकतंत्र की बुनियादी शर्त है। इसका उल्लंघन हुआ, तो लोकतांत्रिक व्यवस्था ही संदिग्ध हो जाएगी।*

## राशिफल

**मेष राशिः**आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आप किसी की मदद करेंगे जिससे आपको खुशी मिलेगी। आप काम में अपने किसी मित्र का सहारा ले सकते हैं। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां आएंगी लेकिन धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता जरूर मिलेगी। आप अपने लक्ष्य से भटक भी सकते हैं।

**वृष राशिः**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके विरोधी भी आपके काम की सराहना करेंगे। धार्मिक कामों में आपका मन लगेगा। आपके कॉन्फिडेंस से कोई काम बन जाएगा। मार्किट से कोई मनपसंद वस्तु खरीदने का मन बना सकते हैं।

**मिथुन राशिः**आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आएंगे, आप भी इसका भरपूर लाभ उठाएंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में खुशी का भाव बना रहेगा।

**कर्क राशिः**आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपके घर में कोई मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशियां ही खुशियां होगी। समाज के लोग आपके अच्छे व्यवहार से खुश होंगे, तारीफ मिलेगी। आपका पेशेंस आपको सक्सेस दिलाएगा।

**सिंह राशिः**आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। ऑफिस में आपका काम देखकर जूनियर आपसे बहुत कुछ सीखेंगे। बिजनेस में वर्तमान व्यवस्था को उचित बनाए रखने में आपका समय बीतेगा। आपको इसका सकारात्मक परिणाम भी हासिल होगा। अगर बहुत दिनों से किसी से मिलने की सोच रहे हैं तो आज का दिन बेहतर है।

**कन्या राशिः**आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। छात्रों का मन पढ़ाई में लगा रहेगा। आप जिस काम में काफी दिनों से व्यस्त थे वो काम आज पूरा हो जाएगा, आप काम करने के नए टारगेट बनाएंगे। आपका मन ईश्वर की आराधना में लगेगा आप किसी मंदिर जाकर पूजा अर्चना करेंगे।

**तुला राशिः**आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। माता-पिता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जाएंगे जहां आपको काफी अच्छा लगेगा। आपका अच्छा स्वभाव लोगों को प्रिय बनाएगा। आपकी सुख-सुविधाएं बनी रहेगी। छात्रों को पढ़ाई या करियर से जुड़ी समस्याओं का सॉल्यूशन मिलेगा, अपनी मेहनत जारी रखें।

**वृश्चिक राशिः**आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। काम को लेकर किसी तरह का डर मन में न रखें। ऑफिस में कोई आपका विरोध कर सकता है, सहकर्मियों से ताल-मेल बनाकर रखें। शारीरिक रूप से आपको थोड़ी थकावट महसूस हो सकती है।

**धनु राशिः**आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपका कोई रुका काम पूरा हो जाएगा। स्टूडेंट्स का कॉन्फिडेंस बढ़ा रहेगा, किसी नए टॉपिक की शुरुआत होगी। आपके घर में कोई मंगल कार्यक्रम हो सकता है, आपका दिन व्यस्तता और भाग-दौड़ में बीतेगा।

**मकर राशिः**आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप जो भी चाहेंगे वो सारे काम आपके मन-मुताबिक पूरे होंगे। नौकरीपेशा वाले लोगों के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा रहेगा। कोई भी बड़ा कार्य करने से पहले अपने बड़ों की राय लेना न भूलें, इससे आपको आगे बढ़ने में आसानी होगी।

**कुंभ राशिः**आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। परिवारजन में आपसी सामजस्य बेहतर बनेगा। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनाएंगे, जहां आपको काफी शांति महसूस होगी। विद्यार्थी आज काम और पढ़ाई में बैलेंस बनाकर चलेंगे। आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। राजनीति के क्षेत्र में आपकी छवि मजबूत बनेगी।

**मीन राशिः**आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। ट्रांसपोर्ट का काम कर रहे लोगों को आज किसी बुकिंग से अच्छा लाभ मिलेगा। आपके माता-पिता आपको कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपके आस-पास कोई धार्मिक कार्यक्रम होगा, जिसमें आपका परिवार शामिल होगा। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन बढ़िया रहने वाला है।

# भाजपा के प्रयोगों में नया कुछ नहीं!

//अजीत द्विवेदी//

**हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी ने तीन नए मुख्यमंत्री बनाए हैं। छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय को छोड़ दें तो बाकी दोनों नाम बहुत चौंकाने वाले हैं। साय दो बार प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं और केंद्र में इस्पात राज्य मंत्री रहे हैं इसलिए लोगों ने उनका नाम सुना हुआ था और चुनाव नतीजों के बाद से ही उनके नाम की चर्चा भी हो रही थी। लेकिन किसी को अंदाजा नहीं था कि मध्य प्रदेश में मोहन यादव और राजस्थान में भजनलाल शर्मा मुख्यमंत्री हो जाएंगे। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने इन दोनों का नाम तय करा कर सबको चौंकाया। जब से इन दोनों का नाम तय हुआ है तब से इस बात की चर्चा हो रही है कि भाजपा ने बिल्कुल नया प्रयोग किया है और दूसरी पार्टियों को इससे सीखना चाहिए। लेकिन सवाल है कि इसमें नया क्या है। क्या भाजपा ने पहले ऐसे प्रयोग नहीं किए हैं।**

इस प्रयोग के बारे में जो नई बात कही जा रही है उसमें दो-तीन बातें खास हैं। जैसे ये तीनों मुख्यमंत्री 60 साल से कम उम्र के हैं। तीनों बहुत चर्चित चेहरे नहीं हैं। तीनों में से एक भजनलाल शर्मा पहली बार के विधायक हैं। तीनों राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की पृष्ठभूमि वाले हैं और संगठन में सक्रिय रहे हैं। अगर इन चार बातों को देखें तो इसमें कुछ भी नया नहीं है। सबसे पहले उम्र की बात करें। तो आज से 20 साल पहले जब वसुंधरा राजे और रमन सिंह मुख्यमंत्री बने थे तब दोनों की उम्र 50 साल थी। यानी अभी बने तीनों कथित युवा मुख्यमंत्रियों से कम थी। आज से 18 साल पहले, जब शिवराज सिंह चौहान मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे तब उनकी उम्र सिर्फ 46 साल थी। खुद नरेंद्र मोदी जब पहली बार गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे तब उनकी उम्र 52 साल की थी। उनको उस समय गुजरात भाजपा के सबसे दिग्गज नेता केशुभाई पटेल को हटा कर मुख्यमंत्री बनाया गया था। सो, इसमें कुछ भी नया नहीं है कि भाजपा ने 60 साल से कम उम्र के नेताओं को मुख्यमंत्री बनाया या संबंधित राज्यों के सबसे मजबूत और दिग्गज नेताओं को दरकिनार करके अपेक्षाकृत कम चर्चित नेताओं को कमान सौंपी। भाजपा पहले भी यह काम करती रही है। अगर पहली बार के विधायक को मुख्यमंत्री बनाने के प्रयोग की बात करें तो वह भी भाजपा पहले कर चुकी है। नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री बने थे तब वे विधायक भी नहीं थे। वे मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार विधायक बने और पहली बार सांसद बने तो प्रधानमंत्री बने। इसी तरह प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाणा में 2014 में भाजपा के जीतने पर पहली बार के विधायक मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री बनाया। जहां तक अपेक्षाकृत कम चर्चित नेताओं को मुख्यमंत्री बनाने की बात है तो मनोहर लाल खट्टर से बेहतर मिसाल नहीं हो सकती है। अनेक दिग्गज नेताओं के होते हुए मोदी ने खट्टर को सीएम बनवाया था। इसी तरह उत्तराखंड में त्रिवेंद्र सिंह रावत हों या तीरथ सिंह रावत हों या मौजूदा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हों ये सब कम चर्चित चेहरे रहे हैं। धामी के बारे में तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि वे सीएम बनेंगे। लेकिन चुनाव से छह महीने पहले वे मुख्यमंत्री बने और खुद विधानसभा का चुनाव हार जाने के बाद भी उनको दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई। गुजरात में भूपेंद्र पटेल से लेकर हिमाचल प्रदेश में जयराम ठाकुर और महाराष्ट्र में देवेंद्र फड़नवीस तक भाजपा दूसरी या तीसरी कतार के नेताओं को मुख्यमंत्री बनाती रही है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह के भाजपा की कमान संभालने से पहले भी ऐसे प्रयोग बहुत हुए। मध्य प्रदेश में बाबूलाल गौर हों या उत्तर प्रदेश में रामप्रकाश गुप्त हों या कर्नाटक में डीवी सदानंद गौड़ा हों, ऐसे कई नेता मुख्यमंत्री बने थे, जो बहुत चर्चित या लोकप्रिय नहीं थे।

तीनों नए मुख्यमंत्रियों में एक कॉमन बात राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की पृष्ठभूमि से होना है। लेकिन यह भी कोई नई बात नहीं है। हां, यह जरूर है कि पिछले कुछ समय से भाजपा ऐसे नेताओं को तरजीह दे रही थी, जो दूसरी पार्टियों से आए थे। असम सहित समूचे पूर्वोत्तर में उसने कांग्रेस से आए नेताओं को मुख्यमंत्री बनाया तो कर्नाटक में भी पुराने समाजवादी नेता बसवराज बोम्मई को सीएम बनाया था। लेकिन पूर्वोत्तर और दक्षिण भारत के राज्यों में भाजपा की जो रणनीति है उसे वह हिंदी ह्रद्य प्रदेशों में नहीं आजमा सकती है। उत्तर भारत के हिंदी भाषी राज्यों में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के मजबूत नेटवर्क और उसके काम की वजह से भाजपा जीतती है। इन राज्यों का मतदाता भी भाजपा और संघ की वजह से विचारधारा की प्रतिबद्धता लिए हुए है। तभी इन राज्यों में बाहरी नेता को कमान देने का प्रयोग संभव नहीं है। यही कारण है कि भाजपा के आला नेताओं के तमाम सद्भाव के बावजूद ज्योतिरादित्य सिंधिया मुख्यमंत्री नहीं बन पाए।

जहां तक जातीय संतुलन साधने की कोशिश का सवाल है तो उसमें भी कुछ नया नहीं है। ध्यान रहे छत्तीसगढ़ और झारखंड दोनों राज्य एक साथ बने थे, जिसमें झारखंड में भाजपा को पहली सरकार बनाने का मौका मिला और उसने अटल बिहारी वाजपेयी की तब की सरकार में मंत्री रहे बाबूलाल मरांडी को मुख्यमंत्री बना कर बैठाया था। चूंकि एक राज्य में आदिवासी मुख्यमंत्री बन गया था इसलिए भाजपा ने छत्तीसगढ़ में गैर आदिवासी रमन सिंह पर दांव खेला था। छत्तीसगढ़ में भाजपा लगातार जीतती रही और रमन सिंह सीएम बने रहे तो उधर झारखंड में भाजपा को जब भी मौका मिला तो आदिवासी मुख्यमंत्री बना। मरांडी के बाद तीन बार अर्जुन मुंडा मुख्यमंत्री बने। चूंकि नरेंद्र मोदी ने कमान संभालने के बाद झारखंड में रघुबर दास के रूप में पहला गैर आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया था इसलिए उन्होंने छत्तीसगढ़ में पहला मौका मिलते ही नुकसान की भरपाई के लिए आदिवासी मुख्यमंत्री बनाया। बाकी दोनों राज्यों में पहले से जो समीकरण था वहीं समीकरण अब भी है। 2003 में जब छत्तीसगढ़ में रमन सिंह बने तो मध्य प्रदेश में पहले उमा भारती फिर बाबूलाल गौर और फिर शिवराज सिंह चौहान के रूप में लगातार ओबीसी मुख्यमंत्री बनाया गया। और राजस्थान में वसुंधरा राजे के रूप में सवर्ण मुख्यमंत्री बनाए रखा गया। अब भी भाजपा ने उसी समीकरण को आगे बढ़ाया है। मध्य प्रदेश में मोहन यादव और राजस्थान में भजनलाल शर्मा को सीएम बनाया है। फर्क यह है कि इस बार राजस्थान में राजपूत की बजाय ब्राह्मण सवर्ण चेहरा लाया गया है। वह इसलिए क्योंकि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में दो राजपूत मुख्यमंत्री हैं।

सो, तीनों राज्यों में नया या बहुत क्रांतिकारी कुछ होने का जो हल्ला मचा हुआ है असल में वैसा नहीं है। तीनों मुख्यमंत्रियों की ताजपोशी को नएपन के नजरिए से देखने की जरुरत नहीं है, बल्कि इस नजरिए से देखने की जरुरत है कि मोदी और शाह ने जो जोखिम लिया है उसका भाजपा को फायदा होगा या नुकसान। कई जगह पुराने नेताओं को किनारे करके नए चेहरे आगे करने की राजनीति का भाजपा को फायदा हुआ लेकिन कई जगह नुकसान भी हुआ। कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश का नुकसान सबके सामने है। हरियाणा में भी भाजपा को नुकसान ही हुआ था और इसलिए एक दूसरी पार्टी से तालमेल करना पड़ा। झारखंड में भी पार्टी को नुकसान उठाना पड़ा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने निश्चित रूप से जोखिम के फैक्टर का विश्लेषण किया होगा। लेकिन कई बार बहुत वस्तुनिष्ठ विश्लेषण भी गलत साबित हो जाता है। जिन तीन राज्यों में भाजपा ने तीन नए चेहरे उतारे हैं वहां पुराने नेता अब भी सक्रिय हैं और बहुत मजबूत हैं। आगे उनकी राजनीति पर नजर रखने की जरुरत है। दूसरे, कई बड़े नेता ऐसे हैं, जिनको उनकी मर्जी के विपरीत राज्य की राजनीति में उतारा गया है। तीसरे, जाति का संतुलन बनाने में कई जातियां नाराज हुई हैं। ध्यान रहे छत्तीसगढ़ में ओबीसी मुख्यमंत्री कांग्रेस को आदिवासी वोट नहीं दिला पाए। तो जरूरी नहीं है कि भाजपा के आदिवासी मुख्यमंत्री ओबीसी वोट दिला देंगे। इसी तरह राजस्थान में ब्राह्मण, राजपूत और दलित के समीकरण ने दलित, मीणा, गुर्जर, जाट बिगड़ सकते है। इन प्रयोगों के बाद अगला चुनाव लोकसभा का है, जो नरेंद्र मोदी के चेहरे पर लड़ा जाएगा। इसलिए उसमें तो नहीं लेकिन उसके बाद के विधानसभा चुनावों में इन प्रयोगों की सफलता या विफलता का आकलन होगा।

# जेलेंस्कीः साल पहले तब और अब

//श्रुति व्यास//

**सन् 2022 में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की दुनिया के चमकते सितारे थे, वैश्विक नायक थे। पूरी दुनिया उनकी मदद करने हाथ बांधे खड़ी थी। आखिरकार वे बुराई के खिलाफ अच्छाई की लड़ाई लड़ रहे थे! उन्हें प्रोत्साहित करना सबका पावन कर्तव्य था। उनका बेहद सम्मान था और सभी तरफ उनकी सराहना होती थी। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में उनका जबरदस्त स्वागत होता था। इसका चरम था अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र में जोरदार हर्षध्वनि के बीच उनका अभिनन्दन। लेकिन 2023 में दुनिया का ध्यान इजराइल-हमास युद्ध की ओर केन्द्रित हो गया। इससे यूक्रेन और जेलेंस्की का भविष्य अनिश्चितता के भंवर में फंसा है। पैसा खत्म हो रहा है, रूस को पराजित करने की इच्छाशक्ति कम हो गई है और पुतिन को हटाने का संकल्प कमजोर पड़ा है।**

इसी के चलते जेलेंस्की वाशिंगटन की एक और यात्रा कर रहे हैं। निराशापूर्ण माहौल में भी उन्हें उम्मीद की एक हल्की किरण नजर आ रही है कि दुनिया उनकी ओर ध्यान देगी, फिर से उनकी बात सुनेगी और वे रूस द्वारा उनकी धरती पर ढाये जा रहे जुल्मों की याद दुनिया को दिला सकेंगे। हालांकि राष्ट्रपति जो बाइडन पहले ही कह चुके हैं कि यूक्रेन को सैन्य और आर्थिक मदद के लिए उपलब्ध रकम करीब-करीब खत्म हो चुकी है। यूक्रेन को दिए जाने वाले हथियारों में कमी आ रही है। लेकिन बाइडन द्वारा बार-बार यह चेतावनी देने के बावजूद कि वैश्विक व्यवस्था और अमेरिका की सुरक्षा, यूक्रेन को दी जाने वाली सहायता पर निर्भर है, वे सितंबर से अब तक कांग्रेस को अधिक धनराशि की स्वीकृति देने के लिए राजी करने में असफल रहे हैं। रिपब्लिकन सीनेटरों ने 106 अरब डालर की सहायता के प्रस्ताव में बाधाएं खड़ी कर दी हैं जिसमें से अधिकांश यूक्रेन को और उसका एक छोटा हिस्सा इजराइल को दिया जाना है। उन्होंने इस खर्च को अमेरिका के अप्रवासन संबंधी उपायों से जोड़ दिया है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि वर्ष के अंत तक सारी रकम खत्म हो जाएगी।

जेलेंस्की महत्वपूर्ण सांसदों और जनता को अपने पक्ष में करने का प्रयास कर रहे हैं। यूक्रेन के जवाबी हमले के असफल होने से यूक्रेन की जनता की हिम्मत टूट रही है और देश के बाहर इस उद्देश्य की प्राप्ति के प्रति जोश कम हो गया है। पिछले माह यूक्रेन के कमांडर इन चीफ वलेरी ज़ालुज़्नी ने गतिरोध की स्थिति बनने की बात स्वीकार की और चेतावनी दी कि ÷इस बात की संभावना बहुत कम है कि कोई बड़ी और स्वागत योग्य सफलता हासिल होगी। अब यह एक लम्बा खिंचने वाला युद्ध बन गया है। जनरल ज़ालुज़्नी के ये शब्द न केवल उनकी कुंठा दर्शाते हैं बल्कि राजनैतिक और सैन्य नेतृत्व के बीच के टकराव का प्रमाण भी हैं। अमेरिका भी अब पहले की तुलना में अधिक खुलकर मतभेदों की चर्चा कर रहा है, प्रमुखतः जो सैन्य रणनीति से संबंधित हैं किंतु भ्रष्टाचार जैसे अन्य मुद्दों को लेकर भी हैं।

यूरोप में भी लंबे यूक्रेन युद्ध के खिलाफ माहौलबनने का खतरा है जबकि कीव यह प्रयास कर रहा है कि ईयू का समर्थन बना रहे।14 और 15 दिसंबर को होने जा रहे यूरोपीय सम्मेलन में 50 अरब यूरो (54 अरब डालर) के अतिरिक्त अनुदान की स्वीकृति होने की उम्मीद है और औपचारिक रूप से यूक्रेन के ईयू में शामिल होने की अंतिम वार्ताएं शुरू होने की भी। लेकिन हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने इन दोनों ही मामलों में वीटो करने की धमकी दी है। यद्यपि जेलेंस्की ने ब्यूनस आयर्स में ओरबान से मुलाकात की, जहां वे दोनों अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई के पदग्रहण के अवसर पर गए थे। लेकिन दोनों के बीच चर्चा (जिसे जेलेंस्की ने 'खरी-खरी' बताया) के बावजूद ओरबान के नजरिए में कोई खास बदलाव नहीं आया।

पश्चिम के घटते समर्थन के साथ-साथ जेलेंस्की को गंभीर रूप लेती घरेलू समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। यूक्रेन का जवाबी हमला रूसी नियंत्रण रेखा को पीछे खिसकाने में असफल रहा है। आर्थिक संकट, जो यूक्रेन की विद्युत प्रणाली पर ड्रोन और मिसाइलों के जरिए सर्दी के मौसम में दुबारा किए जा रहे हमलों के बीच मंडरा रहा है और आंतरिक राजनैतिक फूट। इनमें से किसी भी मोर्चे पर स्थिति बिगड़ने से दूसरी समस्याएं और गंभीर रूप धारण कर लेंगीं। हकीकत यह है कि 2022 में जो जोश था, वह बहुत कम हो गया है। यह कभी भी अनंत काल तक कायम नहीं रह सकता था। आखिरकार युद्ध से न केवल संसाधन बल्कि हौसले में भी गिरावट आती है। लेकिन इसका कतई यह मतलब नहीं है कि कीव को अब उसके हाल पर छोड़ दिया जाए। एक साल पहले, राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कांग्रेस को संबोधित करते हुए कहा था, आप जो धन दे रहे हैं, वह दान नहीं है। वह एक निवेश है।।वैश्विक सुरक्षा और लोकतंत्र में। डेविड केमरून सही कहते हैं।''यदि कीव को अब अकेला छोड़ दिया जाता है तो केवल दो लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट होगी। एक, रूस में व्लादिमिर पूतिन और दूसरे बीजिंग में शी जिनपिंग। उन्होंने एस्पेन सिक्युरिटी फोरम में कहा, मैं आपके बारे में नहीं जानता लेकिन मैं इन दोनों में से किसी को भी क्रिसमस का तोहफा नहीं देना चाहता।

# किसानों की कीमत पर

सरकार ने खाद्य महंगाई पर नियंत्रण पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। मगर इन कदमों का किसानों पर खराब असर होगा। महाराष्ट्र में प्याज किसानों का विरोध प्याज निर्यात रोकने के फैसले से उनमें पैदा हुए असंतोष की ही एक मिसाल है।

छह महीनों के अंदर आम चुनाव होने हैं और ऐसे में केंद्र सरकार का अनाज की महंगाई को लेकर चिंतित होना स्वाभाविक है। इसलिए वह ऐसे हर कदम उठा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं- खास कर मध्य वर्ग- को अनाज की कीमतें ज्यादा ना चुभें। इनमें सबसे ताजा कदम प्याज के निर्यात पर रोक है। इसके पहले ना सिर्फ गेहूं के निर्यात पर रोक लगाई गई, बल्कि खबर है कि सरकार रूस से गेहूं का आयात भी करने वाली है। इसके अलावा सरकार ने गेहूं को भंडार में रख सकने की सीमा घटाकर आधी कर दी है, जिससे व्यापारी अधिक मात्रा में गेहूं बाजार में उपलब्ध कराने को मजबूर हो गए हैं। उधर चीनी महंगी ना हो, इसके लिए चीनी मिलों को निर्देश दिया गया है कि वे इथोनॉल बनाने में गन्ने के रस का इस्तेमाल ना करें। सरकार के कान संभवतः इन खबरों से खड़े हुए कि बाजार में कुछ दालों, प्याज, टमाटर आदि के दाम हाल में तेजी से बढ़े हैं। तो उसने खाद्य महंगाई पर नियंत्रण पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। मगर इन कदमों का खराब असर किसानों पर होगा। महाराष्ट्र में जिस बड़ी संख्या में प्याज किसान विरोध जताने के लिए सड़कों पर उतरे हैं, वह प्याज निर्यात रोकने के फैसले से उनमें पैदा हुए असंतोष की मिसाल है। किसानों की मुसीबत यह है कि पैदावार संबंधी तमाम जोखिम उन्हें खुद उठाने पड़ते हैं। लेकिन जब बाजार से उन्हें ज्यादा कीमत मिलने की संभावना होती है, तब सरकार के कदम उन लाभों से उन्हें वंचित कर देते हैं। इस तरह उनकी और प्रकारांतर में ग्रामीण क्षेत्र की आमदनी बढ़ने की संभावना कमजोर हो जाती है। नरेंद्र मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद से मुद्रास्फीति लक्ष्य इस तरह से तय किए हैं, जिसका किसानों और ग्रामीण आमदनी पर प्रतिकूल असर पड़ा है। देश में आम जन के उपभोग में आई गिरावट का यह भी एक कारण है। यह दीगर बात है कि यह जटिल प्रश्न राजनीतिक मुद्दा नहीं बन पाता है। इसलिए केंद्र इस तरह के कदम बेधड़क उठा लेता है। आम चुनाव से पहले फिर उसने वही नजरिया अपनाया है।

## तस्वीरों की दुनिया



दिल्ली विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान ठंड से हुई मौतों पर कथित निष्क्रियता को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा विधायकों ने दिल्ली विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया।



जयपुर में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान राजस्थान की मनोनीत उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के बच्चे लक्ष्यराज सिंह, गौरवी कुमारी और पद्मनाभ सिंह।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जयपुर में नवनियुक्त मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का स्वागत किया।




जयपुर में शपथ ग्रहण समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,नवनियुक्त मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, डिप्टी सीएम दीया कुमारी और प्रेम चंद बैरवा।



शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे ने अन्य विधायकों के साथ नागपुर के विधान भवन में शीतकालीन सत्र के दौरान राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में स्वर्वेद महामंदिर धाम के उद्घाटन से पहले तैयारियों का निरीक्षण किया।



अभिनेत्री दिशा पटानी मुंबई में मौनी रॉय के नए रेस्तरां बदमाश की लॉन्च पार्टी में शामिल हुईं।

# छत्तीसगढ़ में सरकार बदलते ही सीएम की गाड़ी से हटा बीबी-0023 का नंबर प्लेट, भूपेश बघेल के लिए लकी था ये नंबर



**रायपुर, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सरकार बदलते ही मुख्यमंत्री के काफिले से बीबी-0023 का नंबर प्लेट हटा दिया गया है। यह नंबर प्लेट पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के काफिले में शामिल था। सूत्रों के मुताबिक बीबी का मतलब भूपेश बघेल व 0023 का मतलब भूपेश बघेल के जन्मदिन यानि 23 अंक को लेकर लिया गया था। सरकार बदलते ही अब मुख्यमंत्री सचिवालय ने दिशा-निर्देशों के बाद नई गाड़ियों में नंबर प्लेट बदलवा दिया है। वर्तमान में मुख्यमंत्री के काफिले की गाड़ियों में जो नंबर है वो पुलिस श्रेणी का है। वर्तमान में मुख्यमंत्री साय की गाड़ी का नंबर सीजी-03-9502 है, जिसमें तीन से तात्पर्य पुलिस श्रेणी की गाड़ियों से हैं। इससे पहले सीएम काफिले में शामिल गाड़ी का नंबर सीजी-02 था, जिसे अब बदल दिया गया है।भूपेश बघेल ने अपने काफिले में शामिल गाड़ियों के लिए अलग नंबर चुना था। पूर्व मुख्यमंत्री ने नई टोयोटा फार्च्यूनर में यह फेरबदल करवाया था। सीएम काफिले का नंबर सीजी-02-बीबी-0023 रखा गया था। गाड़ियां वही हैं, लेकिन अब नंबर बदल दिया गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री डा.रमन सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान मित्सुबिसी पजेरो में गाड़ियों का नंबर 0004 रखा था। सरकार बदलते ही जब 2018 में भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बनें तो उन्होंने मित्सुबिसी पजेरो को सुरक्षा कारणों की वजह से अपने काफिले से हटा दिया।

भूपेश सरकार ने जब कमेटी की अनुशंसा के बाद 14 नई गाड़ियों की खरीदी की थी। गौरतलब है कि सीजी-01 और सीजी-02 व सीजी- 04 का पंजीयन रायपुर आरटीओ करता है, वहीं सीजी-03 का पंजीयन पुलिस मुख्यालय करता है।

## नासा ने साझा कि अंतरिक्ष के सौर ज्वाला की तस्वीर, बताया इसके कारण धरती के कई हिस्सों में दो घंटे तक रेडियो संचार रहा बंद

**केप केनवरल, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**



नासा के टेलीस्कोप ने सौर ज्वाला की तस्वीर खींची है। विज्ञानियों ने कहा कि यह 2017 के बाद से सबसे बड़ी सौर ज्वाला है। सौर ज्वाला के कारण धरती के कई हिस्सों में दो घंटे तक रेडियो संचार बाधित हो गया। अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान केंद्र ने कहा कि कई पायलटों ने संचार में व्यवधान की सूचना दी। विज्ञानी इस सनस्पाट क्षेत्र की निगरानी कर सूर्य से प्लाज्मा के संभावित विस्फोट का विश्लेषण कर रहे हैं। अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार विस्फोट सूर्य के सुदूर उत्तर पश्चिम भाग में हुआ। नासा की सोलर डायनेमिक्स आब्जर्वेटरी ने अत्यधिक पराबैंगनी प्रकाश में इस गतिविधि की तस्वीर खींची। इसे वर्ष 2010 में लांच किया गया था।

## ओडिशा ट्रेन दुर्घटना से पीड़ित परिवारों को मिला मुआवजा, 51.37 करोड़ रुपये की दी सहायता

**अनुगुल, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**



रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को राज्यसभा को सूचित किया कि रेल मंत्रालय ने बालेश्वर रेल त्रासदी के परिजनों और पीड़ितों को अनुग्रह राशि और मुआवजा राशि के रूप में 51.37 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। बालेश्वर की वह ट्रेन दुर्घटना जिसमें 296 यात्रियों की मौत हो गई थी और 1,200 से अधिक घायल हो गए थे ,पर बीजद के दो सांसदों, सुलता देव और निरंजन बिशी द्वारा यह पूछे जाने के बाद आई कि क्या पीड़ितों के लिए रेलवे द्वारा घोषित अनुग्रह मुआवजे का भुगतान किया गया है। वैष्णव ने एक लिखित उत्तर में कहा कि बालेश्वर रेल त्रासदी के परिजनों व पीड़ितों को अनुग्रह राशि और मुआवजे के रूप में 51.37 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। यह वीभत्स दुर्घटना 2 जून को हुई जब कोरोमंडल एक्सप्रेस बालेश्वर के बहानगा बाजार स्टेशन पर एक खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई और उसके कुछ पटरी से उतरे डिब्बे बगल की पटरियों पर गिर गए और आने वाली यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस से टकरा गए। रेलवे सुरक्षा आयोग द्वारा रेलवे बोर्ड को सौंपी गई स्वतंत्र जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि सिग्नलिंग कार्य में खामियों के बावजूद बार-बार असामान्य व्यवहार होने पर सिग्नलिंग और दूरसंचार कर्मचारियों द्वारा उपचारात्मक कार्रवाई की जा सकती थी। बहानगा बाज़ार के स्टेशन प्रबंधक द्वारा उन्हें दो समानांतर पटरियों को जोड़ने वाले स्विचों की सूचना दी गई थी। इस मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के पास भी है, जिसने सितंबर 2023 में तीन गिरफ्तार रेलवे अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

## न डॉक्टर, न स्टाफ, कागजों में चल रहा अस्पताल सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवाओं पर उठा ये सवाल

**घरौंडा।** शहर का सब डिवीजन अस्पताल पिछले करीब आठ महीने से डाक्टरों और स्टाफ के बिना ही महज कागजों में चल रहा है। इससे हर किसी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के दावों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अपग्रेड करके एसडीएच बनाया था। लेकिन करीब आठ माह बीत जाने के बाद भी मरीजों के लिए 50 बेड की सुविधा आज तक भी सुविधा नहीं हो पाई है। इतना ही नहीं, अस्पताल में डाक्टरों की 17 पोस्ट खाली पड़ी है। घरौंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कहने को अवश्य स्वास्थ्य विभाग के रिकार्ड में सब डिवीजन अस्पताल बन चुका है। विभाग ने आठ महीने पहले इस सरकारी अस्पताल का दर्जा बढ़ाया था लेकिन ये महज कागजों तक ही सीमित होकर रह गया है।हाइवे पर स्थित इस सरकारी अस्पताल में सीएचसी स्तर की सुविधाएं भी पूरी नहीं हैं। सीएचसी मानकों के अनुसार अस्पताल में डाक्टरों की छह पोस्ट स्वीकृत हैं जबकि मौजूदा समय में अस्पताल में केवल एक स्थाई डाक्टर है जबकि तीन डेपुटेशन पर रखे गए है। इसी तरह सीएचसी में मरीजों के लिए 30 बेड की सुविधा भी पूरी उपलब्ध नहीं है। वहीं इस सीएचसी से संबंधित पांच प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर भी डाक्टरों के तीन पद खाली हैं। आलम यह है कि अस्पताल में मरीजों के लिए 50 बेड की सुविधा शुरू होनी थी लेकिन नहीं हो पाई।एसडीएच में 20 डाक्टर, 20 नर्सिंग स्टाफ, दो एक्सरे टेक्नीशियन और तीन फार्मासिस्ट नियुक्त होने थे जबकि आज भी डाक्टर की 17 पोस्ट सहित अन्य पदों पर कोई नियुक्ति नही हुई। एसएमओ डॉ.मुनेश गोयल ने बताया कि 50 बेड के लिए उनके पास पर्याप्त भवन नहीं है। बिल्डिंग निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी को लिखा गया है। उन्होंने कहा कि विभाग ने अस्पताल को अपग्रेड किया है इसलिए डाक्टर और स्टाफ बढ़ाने के बारे में विभाग को जानकारी है।

## मेट्रो के दरवाजे में कपड़ा फंसने से ट्रैक पर गिरी महिला, ICU में भर्ती

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो के इंद्रलोक स्टेशन पर एक महिला यात्री की साड़ी और जैकेट मेट्रो के गेट में फंस गया और ट्रेन चल पड़ी। इस वजह से महिला यात्री काफी दूर तक ट्रेन के साथ प्लेटफार्म पर घिसटती रही। इस दौरान स्टेशन पर यात्री चिल्लाते रहे लेकिन मेट्रो का दरवाजा नहीं खुला। ट्रेन प्लेटफार्म से आगे बढ़ने के बाद प्लेटफार्म के अंतिम छोर पर बने गेट से टकराने से वह महिला यात्री मेट्रो ट्रैक पर जा गिरी।इससे महिला को गंभीर चोट आई है। यह घटना बृहस्पतिवार दोपहर की है। पीड़ित महिला यात्री की पहचान 35 वर्षीय रीना नामक महिला के रूप में हुई है, जो अभी सफदरजंग अस्पताल के न्यूरो सर्जरी के आइसीयू में जिंदगी और मौत से जूझ रही हैं। अस्पताल के अनुसार इस महिला यात्री की हालत नाजुक बनी हुई है। इस घटना से मेट्रो स्टेशनों पर व्यवस्था और मेट्रो का गेट नहीं खुल पाने को लेकर गंभीर सवाल उठाए जा रहे हैं। इस महिला यात्री ने नांगलोई स्टेशन से ग्रीन लाइन की मेट्रो पकड़ी थी। उन्हें मोहन नगर जाना था। इसलिए इंद्रलोक स्टेशन पर मेट्रो बदलकर रेड लाइन की मेट्रो पकड़नी थी। दोपहर 1ः04 बजे उन्होंने रेड लाइन की ट्रेन पकड़ी लेकिन उनका बेटा थोड़ा पीछे छूट गया था। वह बेटे को बुलाने के लिए मेट्रो ट्रेन से बाहर निकलीं। इसी दौरान मेट्रो का दरवाजा बंद हो गया और उनका कपड़ा मेट्रो के दरवाजे में फंस गया। मेट्रो के दरवाजों में लगे सेंसर ने काम नहीं किया। इस वजह से गेट नहीं खुल पाया। गेट बंद होते ही मेट्रो ट्रेन चल पड़ी। इस वजह से वह महिला यात्री प्लेटफार्म पर घसीटती चली गई। मेट्रो स्टेशनों के प्लेटफार्म के अंतिम छोर पर एक छोटा गेट बना होता है। ताकि कारिडोर पर किसी जगह मेट्रो के खराब होने पर यात्री पैदल चलकर प्लेटफार्म तक पहुंच सकें।प्लेटफार्म से मेट्रो के आगे निकलने पर प्लेटफार्म पर बने इस गेट से टकराने के बाद वह प्लेटफार्म पर गिरी। इस वजह से उन्हें गंभीर चोट आई है। सूत्रों के मुताबिक स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने उन्हें बाहर निकाला। इसके बाद अचेता अवस्था में इलाज के लिए अशोक विहार स्थित दीपचंद बंधु अस्पताल में ले जाया गया। वहां महिला मरीज को ट्यूब डालकर आक्सीजन सपोर्ट दिया गया। इसके बाद उन्हें लोकनायक और फिर आरएमएल अस्पताल में स्थानांतरित किया गया। इन तीन अस्पतालों से स्थानांतरित होने के बाद उन्हें इलाज के लिए सफदरजंग अस्पताल की इमरजेंसी में न्यूरो सर्जरी वार्ड के आइसीयू में भर्ती किया गया है। जहां वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया है। अस्पताल के अनुसार इस महिला यात्री के मस्तिष्क के अलावा कालर बोन व शरीर में कई अन्य जगहों पर गंभीर फैक्चर है। इस घटना के बाद यह सवाल उठाए जा रहे हैं कि कपड़ा फंसने के बाद मेट्रो के दरवाजों के सेंसर ने काम क्यों नहीं किया।

## पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रोहिंटन ने 370 के फैसले पर बोली बड़ी बात कहा इस अनुच्छेद से बचने के लिए बनाए गए दो केंद्र शासित प्रदेश



**मुंबई, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस रोहिटन नरीमन ने शुक्रवार को कहा कि अनुच्छेद-370 को हटाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट का हालिया फैसला इस वर्ष देश में होने वाली बहुत परेशान करने वाली घटनाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि इस फैसले का संघवाद पर प्रभाव पड़ा है। मुंबई में भारत का संविधान नियंत्रण एवं संतुलन विषय पर व्याख्यान देते हुए जस्टिस नरीमन ने कहा कि जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेश में इसलिए विभाजित किया गया ताकि अनुच्छेद-356 के प्रविधानों से बचा जा सके। अनुच्छेद में प्रविधान है कि राष्ट्रपति शासन को एक वर्ष से अधिक नहीं बढ़ाया जा सकते बशर्ते देश में राष्ट्रीय आपातकाल हो या चुनाव आयोग ने कह दिया हो कि चुनाव कराया जाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में पहले से राष्ट्रपति शासन था और केंद्र सरकार इसे केंद्र शासित प्रदेश बनाए बिना वहां अपना शासन जारी नहीं रख सकती थी। जस्टिस नरीमन ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को भी इस मामले में फैसला सुनाने में चार वर्ष लग गए। 2019 में राज्य को दो भागों में विभाजित कर केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया गया था, फैसला अब आया है और उम्मीद है कि चुनाव अगले वर्ष सितंबर में कराए जाएंगे। लिहाजा पांच वर्षों तक राज्य में कोई लोकतांत्रिक सरकार नहीं रही। सुप्रीम कोर्ट में सालिसिटर जनरल तुषार मेहता के इस आश्वासन पर कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा जल्द बहाल किया जाएगा, जस्टिस नरीमन ने कहा कि सालिसिटर जनरल के पास अगली सरकार या विधायिका को बाध्य करने का अधिकार नहीं है और जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा देने के लिए एक कानून की जरूरत होगी।

जजों की नियुक्ति के लिए जस्टिस नरीमन ने सेवानिवृत्त जजों का कलेजियम बनाने का सुझाव दिया। ये जज सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक और प्रधान न्यायाधीश, अन्य वरिष्ठ जजों एवं वकीलों से परामर्श करने के बाद जजों के नामों की सिफारिश करेंगे। गुजरात दंगों से संबंधित बीबीसी की डाक्यूमेंट्री पर प्रतिबंध का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इसके बाद टैक्स छापों के जरिये बीबीसी को परेशान किया गया। जस्टिस नरीमन ने कहा कि जब भी मीडिया पर कोई हमला हो तो अदालतों को इसकी पहचान के लिए सतर्क रहना चाहिए और यदि ऐसे छापे डाले जाते हैं तो उन्हें गैरकानूनी घोषित किया जाना चाहिए। क्योंकि अगर वाचडाग को ही मार दिया जाएगा तो कुछ भी बाकी नहीं बचेगा।

# केंद्र सरकार ने दी हिमाचल को बड़ी सौगात राज्य में निवेश होंगे 633.73 करोड़ रुपये

**रिकांगपि।** केंद्र गृह मंत्रालय की ओर से हिमाचल प्रदेश के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से 633.73 करोड़ रुपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता राशि की मंजूरी मिलने पर पूर्व प्रदेश वन विकास निगम उपाध्यक्ष सूरत नेगी ने स्वागत किया है। केंद्र सरकार के इस निर्णय का किन्नौर भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित केंद्रीय मंत्री अमित शाह का विशेष रूप से आभार व्यक्त करती है। सूरत नेगी ने कहा कि केंद्र नेतृत्व ने हिमाचल प्रदेश के लिए किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी है। लगातार हिमाचल को अग्रिम भूमिका में रखते हुए प्रदेश की मदद की है। वही मनरेगा के लिए 1000 करोड़, पीएम आवास योजना के लिए 100 करोड़,



राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष के लिए 403 करोड़ 53 लाख, राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष के अंतर्गत 360 करोड़ 80 लाख, राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि के अंतर्गत 85 करोड़ 60 लाख की राशि केंद्र सरकार की ओर से सीधी हिमाचल प्रदेश को प्रदान की गई है। इसके अलावा 2700 करोड़ के लगभग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से हिमाचल प्रदेश की सड़कों और पुलों के निर्माण के लिए केंद्र ने भेजे हैं। सूरत नेगी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व केंद्र मंत्री अनुराग ठाकुर ने भी लगातार केंद्र सरकार से मांगे उठाते रहे है और उनकी सभी मांगों को स्वीकृति भी मिलती रही है जिसके लिए भाजपा किन्नौर केंद्र नेतृत्व का विशेष रूप से धन्यवाद करती हैं।वही उन्होंने प्रदेश मुख्यमंत्री सहित राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी को केंद्र सरकार की ओर से मदद न मिलने को लेकर प्रदेश की जनता को गुमराह न करने की सलाह दी।

## सूरत एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बनाने पर कैबिनेट की मुहर, पीएम मोदी ने कही ये बात



**नईदिल्ली, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

केंद्रीय कैबिनेट ने शुक्रवार को सूरत एयरपोर्ट को अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि सूरत गतिशीलता, नवाचार और जीवंतता का पर्याय है।इस फैसले से कनेक्टिविटी और कामर्स को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही दुनिया को सूरत के अद्भुत आतिथ्य खासकर व्यंजनों के स्वाद का आनंद उठाने का मौका मिलेगा। एक सरकारी बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में उक्त प्रस्ताव को स्वीकृति दी गई। इस रणनीतिक कदम से अभूतपूर्व आर्थिक संभावनाओं के द्वार खुलेंगे, अंतरराष्ट्रीय विमानन क्षेत्र में सूरत एक प्रमुख खिलाड़ी बनकर उभरेगा और क्षेत्र के लिए समृद्धि का नया युग शुरू होगा।

इससे डायमंड और टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए आयात-निर्यात की निर्बाध सुविधा भी सुनिश्चित हो सकेगी। बयान के मुताबिक, कैबिनेट ने तंजानिया और सऊदी अरब के साथ अलग-अलग दो तकनीकी सहयोग समझौतों को भी स्वीकृति प्रदान कर दी।तंजानिया के साथ समझौता डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर है। जबकि सऊदी अरब के साथ डिजिटाइजेशन और इलेक्ट्रानिक मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़े समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे। कैबिनेट ने इसके साथ ही इनोवेशन इकोसिस्टम को बढ़ाने से संबंधित अमेरिका के साथ किए गए एमओयू को भी मंजूरी प्रदान कर दी।

## कितने दिन में जारी होता है सामान्य और तत्काल पासपोर्ट, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने संसद को बताया



**नईदिल्ली, 16 दिसम्बर ।**

शीतकालीन सत्र के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को संसद में पासपोर्ट में लगने वाले समय को लेकर जवाब दिया। उन्होंने बताया कि पासपोर्ट जारी करने में लगने वाला औसत समय सामान्य पासपोर्ट के लिए 7-10 दिन और तत्काल के लिए 1-3 दिन है। दरअसल, कांग्रेस सांसद जसबीर सिंह गिल ने पासपोर्ट के लिए वेटिंग पीरियड को लेकर विदेश मंत्रालय से सवाल पूछा था। जयशंकर ने लिखित उत्तर में संसद को बताया, पासपोर्ट जारी करने में लगने वाला औसत समय सामान्य पासपोर्ट के लिए 7-10 दिन और तत्काल पासपोर्ट के लिए 1-3 दिन है। इसमें पुलिस सत्यापन समय को नहीं जोड़ा गया है। सामान्य पासपोर्ट आम जनता के लिए जारी किया जाता है, जबकि तत्काल पासपोर्ट तत्काल जरूरतों के लिए जारी किया जाता है। सामान्य पासपोर्ट के लिए मानक समय आवेदन की तारीख से 30-45 दिन का होता है। वहीं, तत्काल पासपोर्ट के लिए मानक समय पुलिस सत्यापन के बिना एक दिन का होता है। विदेश मंत्री ने बताया कि पासपोर्ट को समय पर देने में पुलिस सत्यापन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जयशंकर ने कहा कि हालांकि पूरे भारत में पुलिस सत्यापन का औसत समय 14 दिन है।

## स्वर्ण व्यवसाई को गोली मारी-30 लाख रुपये के आभूषण लूटे

**सासाराम।** बिहार के रोहतास जिले के डेहरी नगर थाना क्षेत्र में बेखौफ अपराधियों ने कोलकाता के एक स्वर्ण व्यापारी से 30 लाख रुपए से अधिक कीमत के आभूषण लूटकर फरार हो गए। इस क्रम में अपराधियों ने व्यापारी को गोली मार दी। घायल अवस्था में उनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है। कोलकाता के रहने वाला व्यापारी कुदुस अली बिहार के औरंगाबाद और डेहरी से अपना व्यापार करता है। गुरुवार की रात वह आभूषण लेकर डेहरी से औरंगाबाद जाने वाला था, तभी नगर परिषद बस स्टैंड के पास अज्ञात अपराधियों ने उसे गोली मार दी और आभूषण लूटकर फरार हो गए।

## तालिबान पर एक साल और रखी जाएगी निगरानी, UN सुरक्षा परिषद के फैसले पर चीन और रूस का ये है रुख



**न्यूयॉर्क, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने तालिबान प्रशासन के खिलाफ प्रतिबंध निगरानी टीम के मिशन को एक और साल तक के लिए बढ़ा दिया है। यूएनएससी के सदस्य देशों ने गुरुवार को एक बैठक में प्रस्ताव 2716 को मंजूरी दे दी।

इसमें प्रतिबंध निगरानी टीम से प्रस्ताव 1988 द्वारा स्थापित समिति का समर्थन करने का अनुरोध किया गया। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र में अमेरिक के राजदूत ने तालिबान के खिलाफ प्रतिबंधों को जारी रखने को अफगानिस्तान में शांति और सुरक्षा के लिए सही माना। तालिबान बार-बार दुनिया भर के देशों से अपने ऊपर लगे प्रतिबंधों हटाने की मांग करता रहा है। मगर, अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा महिलाओं के खिलाफ भेदभाव और एक समावेशी सरकार की कमी है, इसको देखते हुए सुरक्षा परिषद ने तालिबान पर अपने प्रतिबंधों पर पुनर्विचार किया है।हालांकि, तालिबान के खिलाफ प्रतिबंधों के विरोध के बावजूद, चीन और रूस ने प्रतिबंधों की समीक्षा करने की बात कही है। साथ ही चीन और रूस ने सुरक्षा परिषद की निगरानी टीम के काम को जारी रखने पर वीटो नहीं लगाया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की निगरानी टीम अफगानिस्तान में उन लोगों, समूहों, कंपनियों और संस्थाओं पर बैन लगाती है जो तालिबान शासन का हिस्सा हैं या उससे जुड़े हुए हैं।

# जम्मू कश्मीर को मिलेगी बड़ी सौगात, केंद्र ने 476.71 करोड़ रुपये की 102 जलापूर्ति योजनाओं को दी मंजूरी

**जम्मू, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**




सरकारी अधिकारियों का जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को सुनने का परिणाम सामने आता दिख रहा है। बैक टू विलेज बैक टू विलेज, ब्लाक दिवस, जल जीवन मिशन पखवाड़ा, ग्राम सभा और जल जीवन मिशन जागरूकता शिविरों जैसे विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान लोगों ने जिन छूटे इलाकों को मिशन में शामिल करने की मांग की थी उसे मंजूर कर लिया गया है। खुशी यह है कि केंद्र ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) का दायर बढ़ाते हुए अतिरिक्त 54752 ग्रामीण परिवारों को मिशन का हिस्सा बनाया है। यही नहीं इन ग्रामीण परिवारों तक नल से स्वच्छ जल पहुंचाने के लिए 476.71 करोड़ रुपये की 102 नई जलापूर्ति योजनाओं को मंजूरी भी दे दी है।मिशन की शुरुआत में इन इलाकों को नजरंदाज कर दिया गया था। केंद्र की इन 102 नई योजनाओं के जरिए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रदेश में कोई ऐसा घर न बचे जिसके परिसर में नल कनेक्शन न हो। प्रशासन ने भी केंद्र द्वारा इन अतिरिक्त 54752 घरों को समय पर मिशन में शामिल करने के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग को धन्यवाद दिया है।

जल शक्ति विभाग के प्रिंसिपल सेक्रेटरी शालीन काबरा ने इंजीनियरों को मिशन को पूरा करने के लिए निर्धारित समयसीमा पर योजनाओं को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मिशन की सफलता के लिए अधिकारियों से आम जनता के साथ पूरी पारदर्शिता, जवाबदेही और पहुंच बनाए रखने पर जोर दिया।उन्होंने बताया कि स्थानीय समुदायों के प्रतिनिधि, ग्रामीण इलाकों में बनाई गई पानी समितियां मिशन गतिविधियों, योजनाओं पर चल रहे काम की निगरानी में विभाग के साथ साझेदारी करके महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर में 75 प्रतिशत ग्रामीण परिवारों क नल जल कनेक्शन पहुंच गए हैं। इससे जम्मू-कश्मीर राष्ट्रीय स्तर पर हाई अचीवर्स श्रेणी में प्रवेश पा चुका है। जेजेएम के आइएमआइएस पोर्टल पर मिशन से संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध है। जल जीवन मिशन के तहत अब तक लगभग 3300 योजनाएं बनाई जा चुकी है, विभिन्न चरणों में इस पर अनुमानित लागत 12975 करोड़ रूपये खर्च की जा चुकी है। इन योजनाओं के अंतर्गत 98 प्रतिशत से अधिक कार्यों के ठेके पारदर्शी तरीके से ई-टेंडरिंग के माध्यम से दिये जा चुके हैं।

इनमें से लगभग 87 प्रतिशत कार्य जमीन पर शुरू भी हो चुके हैं। परियोजना आवंटन से संबंधित दोनों संभागों की जानकारी पीएचई निदेशालयों की वेबसाइटों पर उपलब्ध हैं।प्रदेश के 1000 से अधिक गांवों को मिशन में कवर कर लिया है। जिला कुपवाड़ा के सब डिवीजन टंगडार के कुछ दूरदराज इलाके जिनमें बटलान, तरैयान और चानबरा गांव शामिल हैं, जो एलओसी से सटे हुए हैं, में पहली बार पाइप से पानी मिला है। इन गांवों में पहले लोग लंबी दूरी तय करके झरनों या फिर प्राकृतिक जलधाराओं से पानी लाते थे। लगभग 285 घरों वाले निलफान गांव को पहली बार 100 प्रतिशत नल जल कनेक्टिविटी मिली। महिलाएं और बच्चों को पहाड़ी ढलानों पर लंबी दूरी तय करके पानी लाना पड़ता था। इसी तरह के कई और उदारण हैं।प्रिंसिपल सेक्रेटरी शालीन काबरा ने बताया कि किए कार्यों और कवर किए घरों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायतों द्वारा हर घर जल प्रमाण की प्रक्रिया शुरू की है। जल शक्ति विभाग द्वारा हर घर जल के रूप में रिपोर्ट किए गांवों को बाद में विशेष ग्राम सभा प्रस्ताव के माध्यम से प्रमाणित किया जाता है। इससे न केवल गांव में नल जल कनेक्टिविटी के प्रावधान के बारे में जागरूकता पैदा होती है बल्कि सामुदायिक विश्वास को भी बढ़ावा मिलता है।

# औद्योगिक प्रदूषण का खामियाजा भुगत रहे दो पंचायतों के ग्रामीण

**सूरजपुर।** जिले की ग्राम पंचायत गिरवरगंज व नयनपुर में स्थापित औद्योगिक क्षेत्र दोनों पंचायत के करीब चार हजार ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। संबंधित महकमे की उदासीनता के कारण फैक्ट्रियों से उड़ने वाले धुएं के साथ ही बड़े बड़े वाहनों की आवाजाही से फैलने वाली धूल ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। काफी संख्या में ग्रामीण महिला, पुरुष व बच्चे नेत्र व श्वांस रोगों से ग्रसित हो चुके है। उनकी समस्या सुनने वाला कोई नहीं। क्षेत्र के ग्रामवासी पेयजल के गंभीर संकट से भी जूझने मजबूर हैं।

सुरजपुर जिला निर्माण के बाद पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जिला प्रशासन की पहल पर जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के जरिए जिला मुख्यालय व बिश्रामपुर के बीच ग्राम पंचायत गिरवरगंज व नयनपुर की भूमि पर साल 2008 में औद्योगिक क्षेत्र नयनपुर, गिरवरगंज की स्थापना की गई थी। जहां वर्तमान में छोटे बड़े करीब 40 उद्योग संचालित हैं। उद्योगों से उड़ने वाले राखड़ व डस्ट से ग्रामीणों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से ग्रामीणों को बचाने की जिम्मेदारी भी जिला प्रशासन की है। औद्योगिक क्षेत्र में रोलिंग मिल समेत राइस मिल, बिजली खंभा फेक्ट्री, आक्सीजन प्लांट, बायो मास्क पर आधारित पावर प्लांट, नाइट्रस आक्साइड प्लांट, डीए गैस प्लांट, फ्लाइएश ब्रिक्स फैक्ट्री, पीसीसी पोल फैक्ट्री, ह्यूम पाइप फैक्ट्री, डेयरी प्लांट, कोल्ड स्टोरेज, शीट री रोलिंग इंडस्ट्रीज बाईडिंग वायर इंडस्ट्रीज, स्टील फेब्रिकेशन जैसे उद्योग संचालित हैं। औद्योगिक क्षेत्र नयनपुर गिरवरगंज के करीब चार हजार ग्रामीण प्रशासनिक हठधर्मिता के कारण उद्योगों से निकलते वाले प्रदूषण से बेहद परेशान हैं। यहां की सड़कों पर चलने वाले बडऩ्ह वाहनों से उड़ने वाली प्रदूषित धूल और कारखानों से निकलते



केमिकल युक्त धुएं से ग्रामीण महिला, पुरुष व बच्चे संक्रामक रोगों की चपेट में आ रहे हैं। ग्रामीणों को उद्योगों से फैल रहे प्रदूषण से हो रही परेशानी को बार बार मांग के बावजूद दूर करने में प्रशासन कोई दिलचस्पी नही ले रहा है। अपनी उपेक्षा से ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उद्योगों से निकलने वाला केमिकल युक्त प्रदूषित पानी ग्रामीणों के खेतों में बहने से पूरी फसल नष्ट होने से ग्रामीण आर्थिक तंगी से जूझने को मजबूर हैं। पानी छिड़काव के अभाव में फैक्ट्रियों से उड़ रही राखड़ धूल ग्रामीणों के घरों में घुस रही है। ग्रामीणों को कपड़ा सुखाना तक दूभर हो गया है। फैक्ट्रियों से केमिकल की फैल रही दुर्गंध ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर रखा है। इधर रोजाना दर्जनों की संख्या में बड़े-बड़े वाहनों की आवाजाही के कारण उड़ने वाली दस्त से भी ग्रामीण काफी परेशान है। ग्रामीणों का आरोप है कि औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के दौरान जिला प्रशासन ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया था कि पर्यावरण संरक्षण का संकट उत्पन्न नहीं होगा। नियमित जल छिड़काव होने के साथ ही उन्हें प्रदूषण से सुरक्षित रखने का पूर्ण इंतजाम किया जाएगा, लेकिन अब प्रशासन को उनकी समस्याओं से कोई सरकार नहीं है और वे नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र के आसपास शासकीय प्राथमिक शाला से लेकर माध्यमिक शाला एवं उच्चतर माध्यमिक शालाएं संचालित हैं। सड़क में उड़ने वाली डस्ट की वजह से स्कूल आने और जाने के दौरान स्कूली बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है और आए दिन भयंकर सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इधर पर्यावरण प्रदूषण के साथ ही फैक्ट्रियों से निकलने वाली कैमिकलयुक्त दुर्गंध और उड़ने वाली राखड़ डस्ट की वजह से अधिकांश ग्रामीण नेत्र रोग समेत श्वांस रोग के अलावा विभिन्न संक्रामक रोगों की चपेट में आकर भारी परेशानी से गुजर रहे हैं। बार-बार मांग के बावजूद प्रशासन उनकी समस्याओं के निराकरण की दिशा में कोई पहल नहीं कर रहा है। गिरवरगंज गांव में रहने वाले मनोहर राजवाड़े का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र स्थापित होने के बाद उनका गांव में रहना मुश्किल हो गया है। उद्योगों के कारण उड़ने वाले राखड़ डस्ट से ग्राम वासी काफी परेशान है और संक्रामक रोगों की चपेट में आ रहे हैं। प्रशासन को इस दिशा में उचित कार्रवाई करनी चाहिए। गांव के ही श्रीधर स्वाई का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी की वजह से ग्रामवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। गांव का पर्यावरण पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है। भयंकर डस्ट और मच्छरों के प्रकोप से जीना दूभर हो गया है। प्रशासनिक उदासीनता के कारण अब ग्रामीणों को उग्र आंदोलन करने मजबूर होना पड़ेगा। पूर्व सरपंच कमलेश्वर सिंह ने कहा कि उद्योग स्थापना के दौरान ग्रामीणों के लिए बड़ी-बड़ी बातें करने वाले प्रशासन ने अब चुप्पी साध ली है। उद्योग से फैल रही दुर्गंध और उड़ने वाली राखड़ डस्ट ग्रामीणों की परेशानी का सबब है। अधिकांश ग्रामीण बीमारी की चपेट में है। ग्रामीणों की समस्याओं के निराकरण में किसी की कोई दिलचस्पी नहीं है। मजबूर होकर ग्रामीण अब आंदोलन का सहारा लेंगे। आपके माध्यम से मामला संज्ञान में आया है। वस्तु स्थिति से अवगत होने के बाद ग्रामीणों की समस्याओं का यथोचित निराकरण किया जाएगा। उद्योगों से फैल रहे प्रदूषण के बारे में पर्यावरण विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जाएंगे।

## वन्य जीवों के शिकार की तकनीक में फंस रहे इंसान



**बलरामपुर।** उत्तर छतीसगढ़ में वन्य प्राणियों के शिकार के प्रयास में इंसानों की जान जा रही है। वन्य प्राणियों के शिकार के लिए जिआइ तार का बिछा करंट प्रवाहित कर देने के कारण अनजाने में लोग उसके संपर्क में आकर जान गवां रहे हैं। बलरामपुर जिले में ही ऐसी दो घटनाओं में दो लोगों की जान चली गई है। एक मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार भी किया है। एक प्रकरण अभी विचाराधीन है। इसकी जांच पुलिस कर रही है। इन घटनाओं को देखते हुए अब वन् विभाग के पास बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। अभी तक वन्य प्राणियों का शिकार होता था लेकिन शिकार करने के असुरक्षित तरीके से इंसानों की जान जा रही है यह ज्यादा चिंता का विषय है। दरअसल सरगुजा, सूरजपुर व बलरामपुर जिले के वन क्षेत्रों में हिरण प्रजाति के कोटरा, चीतल, जंगली सुअर, जंगली मुर्गा-मुर्गी पाए जाते हैं। जिन जंगलों में इनकी उपस्थिति होती है वहां कुछ गांववाले सुनियोजित तरीके से उनका शिकार करते है। इसके लिए जो तरीका अपनाया जाता है वह बेहद असुरक्षित होता है। लकड़ियों के छोटे-छोटे टुकड़ों को एक निश्चित भू-भाग में लगा दिया जाता है। उसमें जीआई तार को ऐसे बांधा जाता है जिससे वह फंदा का रूप धारण कर ले। इसके बाद इस जीआइ तार में करंट प्रवाहित तार को जोड़ दिया जाता है।इससे बड़े क्षेत्र में करंट दौड़ने लगता है। कोई भी वन्य प्राणी उसके संपर्क में आता है तो उसकी मौत हो जाती जाती है।यदि मामला सार्वजनिक हुआ तो ठीक अन्यथा मृत वन्य प्राणी को उठाकर शिकारी ले जाते है। घटनास्थल से साक्ष्य भी हटा दिया जाता है। दुर्भाग्यजनक स्थिति यह है कि इसी तार के संपर्क में अनजाने में भी आ जाने से व्यक्तियों की भी मौत हो जा रही है। कई बार तो करंट लगाने वाले भी इसकी चपेट में आ रहे है। बलरामपुर जिले के राजपुर व वाड्रफनगर में हुई जनहानि की दो घटनाओं के बाद अब इस मामले को लेकर ग्रामीणों को जागरूक करने की आवश्यकता है।



## राम कथा महोत्सव का भव्य शुभारंभ चर्चा में

**चरचा कॉलरी।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक दशरथ मोदी के द्वारा आयोजित श्री रामकथा ज्ञान यज्ञ भव्य महोत्सव का भव्य शुभारंभ नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 6 मुख्य मार्ग में स्थित जमुई मोदी समाज मंदिर प्रांगण में किया गया यह आयोजन 15 दिसम्बर से 23 दिसम्बर तक किया जा रहा है वही 24 दिसम्बर को अखंड हरी कीर्तन प्रात: 8 बजे से कर अगले दिन पुर्ण आहुति एवं हवन पूजन कर समापन किया जाएगा समापन अवसर पर उसी दिन शाम से भण्डारा का आयोजन किया जाएगा। राम कथा महोत्सव के तहत शुक्रवार को प्रात: 9 बजे गाजे बाजे एवं डीजे कि धून पर कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के लोगो के साथ भारी संख्या में क्षेत्र की श्रद्धालु महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुई यह कलश यात्रा मुख्य मार्ग से नेपाल गेट, महाराणा प्रताप, सुभाष नगर, विवेकानंद चौक होते हुए छठ घाट पहुंची। जहां जल भरकर वापस उसी मार्ग होते हुए रामकथा स्थल पर पहुंच स्थापित किया गया। श्री रामकथा में व्यास नथुनी पाण्डेय बैजनाथ धाम एवं यज्ञाचार्य अरुणेश शुक्ला चरचा के द्वारा किया जा रहा है। कलश यात्रा के उपरांत शाम 4 बजे से व्यास नथुनी पांडे जी ने राम कथा की शुरुआत करते हुए गुरु की महिमा की विस्तृत व्याख्या की उन्होंने कहा कि गुरु के बिना ज्ञान नहीं मिलता गुरु के आशीर्वाद से ज्ञान रूपी प्रकाश फैला है वह ज्ञानता का नाश होता है इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न प्रकार की धार्मिक व आध्यात्मिक जानकारी से भक्तों का अवगत कराया राम कथा के सफल आयोजन हेतु सोनू मोदी शिवम गुप्ता निखिल मोदी शिबू मोदी घनश्याम मोदी पंकज मोदी आदि का विशेष योगदान रहा राम कथा महोत्सव के आयोजक दशरथ मोदी ने क्षेत्र के समस्त नागरिकों से राम कथा महोत्सव में शामिल होने का अनुरोध किया है संगीतमय राम कथा प्रतिदिन शाम 4बजे से प्रारंभ होकर 8ः00 बजे तक चलेगी।

## संघ व राज्य लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा आयोग की तैयारी

**कोरिया।** सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य के अभ्यार्थियों के लिए युवा कैरियर निर्माण के अंतर्गत योजना वर्ष 2023 के अतर्गत संघ व राज्य लोक सेवा आयोग जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराए जाने हेतु वर्ष 2023-24 बैकुण्ठपुर में परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में प्रवेश लेकर परीक्षा की तैयारी करने हेतु इच्छुक अभ्यार्थियों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। चयनित अभ्यार्थियों को बैकुण्ठपुर स्थित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में युवा कैरियर निर्माण योजना के तहत निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। विद्यार्थियों का चयन परीक्षा के माध्यम से किया जाएगा। प्राक्ययन परीक्षा ओएमआर आधारित, वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्नों पर अधारित होगे जिसमें कुल 100 प्रश्न पूछे जाएंगे जिसके पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ व भारत का सामान्य ज्ञान, भारतीय संविधान, गणित तथा रीजनिग, हिन्दी, अग्रेजी भाषा, सामान्य विज्ञान तथा समसामयिकी विषय शामिल होंगे। पात्रता रखने वाले आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होने के साथ न्यूनतम आयु 20 वर्ष तथा अधिकतम आयु 35 वर्ष होनी चाहिए। न्यूनतम आयु की गणना विज्ञापन प्रकाशन वर्ष में 1 जनवरी 2023 की स्थिति में की जाएगी। आवेदक संघ व राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होने हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखता हो। ऐसे अभ्यर्थी जो वर्तमान में किसी शासकीय सेवा में कार्यरत हो वे इस योजना हेतु पात्र नहीं होंगे। चयनित अभ्यार्थियों को योजना का लाभ केवल एक बार ही दिया जायेगा।

## वृहद स्वच्छता अभियान के तहत प्रेमाबाग तालाब की हुई सफाई

**कोरिया।** वृहद स्वच्छता अभियान के तहत आज नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर के प्रेमाबाग तालाब में सफाई कराई गई। जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता को मद्देनजर रखते हुए निरंतर सफाई अभियान चलाया जा रहा है और अपने आस-पास सफाई के लिए आम नागरिकों को कचरा न फैलाने और सफाई रखने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। बता दें कि स्वच्छ भारत मिशन देश भर में व्यापक तौर पर राष्ट्रीय आंदोलन के रूप में चलाया जा रहा है और इस मिशन से समाज में बेहतर बदलाव हुआ है। स्वच्छ भारत अभियान का मकसद सिर्फ घरेलू कचरे या प्लास्टिक वेस्ट रोकना ही नहीं बल्कि इंडस्ट्रियल वेस्ट, मेडिकल कचरे, प्रदूषण और अन्य सभी तरह के कूड़े से से देश को मुक्त बनाना है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री मनीष वारे ने बताया की अगर हम कचरा केवल डस्टबिन में फेंके, यहां-वहां थूकें नहीं, प्लास्टिक की थैलियों की कम से कम इस्तेमाल करें।

## कलेक्टर के निर्देश पर सभी जनपद पंचायत अंतर्गत ली गई स्वच्छता शपथ

**कोरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगामी आयोजन के पूर्व कोरिया एवं एमसीबी जिले के सभी जनपदों में अलग अलग स्थानों पर सफाई अभियान चलाया गया और स्वच्छता की शपथ ली गई। भारत सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा आरम्भ की गई है इसके अंतर्गत स्वच्छता अभियान प्रारम्भ किया गया। कोरिया जिले के जनपद पंचायत सोनहत और बैकुंठपुर सहित एमसीबी जिले के जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़, भरतपुर और खड़गंवा के अलग अलग ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, बच्चों के द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई और शपथ दिलाई गई। इस सम्बंध में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान कलेक्टर कोरिया श्री विनय कुमार लंगेह और एमसीबी कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा के निर्देशन में दोनों जिलों के सभी पांच जनपद पंचायत के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा।

# चिकित्सक ने मरीज से अभद्रता की, बात पहुंची उपर तक

**चरचा कालरी।** क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा में पदस्थ एक बहुचर्चित चिकित्सक के क्रियाकलापों से परेशान स्थानीय नागरिक ने निदेशक कार्मिक एसईसीएल बिलासपुर, सीएमएस एसईसीएल बिलासपुर ,मुख्य महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र व मुख्य चिकित्सा अधिकारी क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा को ज्ञापन सौंप कर उचित कार्यवाही की मांग की प्राप्त जानकारी के अनुसार चर्चा क्षेत्र के प्रतिष्ठित नागरिक विजय विश्वकर्मा जो की इंटरनेशनल रेफरी होने के साथ ही जिला फुटबाल संघ कोरिया के सक्रिय सदस्य हैं व छत्तीसगढ़ फुटबॉल संघ में कोच के पद पर हैं 14 दिसंबर को अपने 10 वर्षीय पुत्र जिसके कान में कुछ तकलीफ थी की जांच करने क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा पहुंचे और वहां चिकित्सालय के नाक कान गला विशेषज्ञ डॉक्टर एस. के. चंदेरिया से पुत्र की जांच करने का अनुरोध किया इस पर डॉक्टर ने कहा कि आप लोग कालरी कर्मचारी नहीं है आपकी जांच यहां नहीं हो सकती आप मेरे घर आकर जांच कराए इस बात पर विजय विश्वकर्मा ने कहा कि चिकित्सालय में क्षेत्र के सभी लोगों का इलाज होता है आप यहीं पर इलाज कर दें तो बेहतर होगा यह सुनते ही डॉक्टर चंदेरिया भड़क गए और गाली-गलौज करते हुए कहा कि भिखारीयो के लिए जिला अस्पताल बना है तुम वहां जाओ इसके साथ ही डॉक्टर चंदेरिया गंदी गंदी गालियां देते हुए मारने के लिए उठ गए डॉक्टर के द्वारा किया गए इस दुर्व्यवहार से इलाज कराने आया हुआ मासूम बच्चा डर से सहम गया क्षेत्र के समस्त नागरिकों ने इस घटना की कड़ी निंदा की विदित हो कि अल्प समय में ही डॉक्टर चंदेरिया के द्वारा कई नागरिकों से अभद्र व्यवहार करने की कई घटनाएं सामने



आई हैं क्षेत्री किसी के साल के कर्मचारियों के अतिरिक्त स्थानी श्रम संघ प्रतिनिधियों सभी इनके द्वारा दुर्व्यवहार किया गया है बीएमएसके श्रमिक नेता श्रमिक नेता सुशील शर्मा ने कहा कि कुछ डॉक्टर क्षेत्रीय चिकित्सालय की गरिमा को धूमिल कर रहे हैं ऐसे लोगों के प्रति तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए क्षेत्रीय चिकित्सालय चर्चा के कई कर्मचारियों ने दबी जुबान से डॉक्टर के द्वारा निरंतर अभद्र व्यवहार करने की जानकारी दी। स्थानीय नागरिकों ने संवेदनशील महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र से घटना की त्वरित जांच कर कार्रवाई की मांग की है यदि समुचित कार्रवाई नहीं होती तो नागरिकों का आक्रोश विरोध प्रदर्शन में परीणीत होने की संभावना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। क्षेत्रीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय सिंह ने कहा कि घटना की जानकारी मिली है उच्च अधिकारियों को अवगत करने के साथ ही निष्पक्ष जांच की जाएगी।

## मुख्य सचिव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बंध में दिए निर्देश



**कोरिया।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 9 वर्षों से जनहित के अनेक कार्य हुए हैं। इसी कड़ी में विगत माह से विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाया जा रहा है ताकि आमजन को हुए लाभ और जनहितकारी योजनाओं से तत्काल मौके पर निराकरण किये जायेंगे। आज मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इस सम्बंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध जिला स्तरीय सभी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि जिले के सभी गांवों व कस्बों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रचार प्रसार गंभीरता से करें। मुख्य सचिव श्री जैन ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी 16 दिसंबर को आईईसी वैन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करेंगे जिसमे छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय भी जुड़ेंगे। उन्होंने सभी कलेक्टरो से विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यकक तैयारी पूर्ण करने के निर्देष दिए जिससे केन्द्र सरकार के प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित लोगों मे समयबद्ध तरीके से पहुचाया जा सकें।

# जनता ने अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए मुझे विधानसभा में भेजा है:जायसवाल

**मनेंद्रगढ़।** 2023 विधानसभा का चुनाव संपन्न हो गया पूरे छत्तीसगढ़ में 90 में से 54 विधानसभाओं में भाजपा के विधायक चुनकर आए हैं इसके बाद 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण भी संपन्न हो गया इसके बाद सारे विधायक एकबार के लिए फिलहाल राजधानी से लौटकर अपने अपने क्षेत्र की जनता के पास अपने-अपने क्षेत्र में लौट आए हैं और अब अपनी जनता के दिए हुए स्नेह व प्रेम के लिए आभार प्रकट करने वह उनके सामने पहुंच रहे हैं, सरगुजा के 14 सीटों में कांग्रेस को हार मिली और भाजपा के 14 विधायक चुनकर आए हैं, विधानसभा नंबर 2 मनेन्द्रगढ़ के विधायक श्याम बिहारी जायसवाल शपथ ग्रहण से आने के बाद तत्काल अपने क्षेत्र की जनता के दिए आशीर्वाद व जनता द्वारा उन्हे चुनकर विधानसभा में भेजने को लेकर क्षेत्र की जनता के समक्ष आभार प्रकट करने पहुंचे। इसके लिए उन्होंने जनता का आभार व्यक्त करने के लिए आभार रैली का आयोजन किया। जो आभार रैली दुग्गी से सुबह 9ः00 बजे निकलकर सिंघत, ठग्गांव, दुबछोला, अखराडांड, बरमपुर, नागपानी, कदरेवा, आमाडांड, मेरो, उधनापुर, कौड़ीमार, शिवपुर, देवाडांड, सलका, पैनारी, मेंड्रा, कोड़ा में रात 9ः00 बजे संपन्न हुई इस पूरे 12 घंटे की रैली



में विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने क्षेत्र की जनता के दर्शन किए और उनका आभार व्यक्त किया कि उन्होंने जो अभूतपूर्व आशीर्वाद उनको दिया उस आशीर्वाद का वह सम्मान करते हैं और इस आशीर्वाद के लिए वह काम करेंगे जनता हित में सारे काम होंगे जनता को सुख सुविधा मिले इस पर पूरा ध्यान होगा।

मनेंद्रगढ़ विधायक श्याम बिहारी जायसवाल दूसरी बार विधायक चुने गए हैं जनता से उनका जुड़ाव पिछली बार भी बेहतर था और वह लोगों के बीच खासे लोकप्रिय थे इस बार भी जनता ने उन्हें वही प्रेम और स्नेह प्रदान किया है जो उन्हे पूर्व में मिला था और वह अच्छे खासे मतों से जीतकर विधानसभा में पहुंचे हैं, श्याम बिहारी जायसवाल आम लोगों के बीच आम व्यक्ति जैसा व्यवहार कायम रख पाने में प्रसिद्ध माने जाते हैं,वह जनता से सीधा जुड़ाव रखते हैं और उनसे संवाद भी वह सीधा रखते हैं इसलिए कांग्रेस के इस विधानसभा चुनाव में घोषित प्रत्याशी को उनके सामने हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सोनमति उर्र, अरुणोदय पाण्डेय, धनंजय पांडेय, जनार्दन साहू, रामलाल साहू, पवन सिंह, रामप्रताप, रमेश जायसवाल, धरमपाल सिंह, श्याम कार्तिक, राजेंद्र दास, मनोज साहू, विजेंद्र देवांगन, विनोद पांडेय, पुष्पराज जायसवाल, हरवंश साहू, सत्येंद्र साहू, दिनेश भगत, अजय मरकाम सहित काफी संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## संकुल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन

**चिरमिरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनसुख में संकुल स्तरीय विज्ञान माडल एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें संकुल केंद्र मनसुख के समस्त माध्यमिक विद्यालय एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने सहभागिता की विभिन्न विधाओं से मानव जीवन को सुविधा पूर्ण बनाने तथा मानवोपयोगी माडल विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए एवं उनका प्रदर्शन प्रतियोगिता में किया विद्यार्थियों ने अपने अपने माडल की आवश्यकता समाज के लिए और उनके बनाने की विधि का विस्तृत ब्योरा प्रदान किया माडल प्रतियोगिता में 22 विज्ञान के माडल प्रतियोगिता में शामिल हुए, इसी कार्यक्रम में कक्षा छठवीं से आठवीं कनिष्ठ समूह तथा कक्षा नौमी से बारहवीं तक वरिष्ठ वर्ग के लिए विज्ञान/गणित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी हुआ सभी प्रतिभागी एवं विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं पदक संस्था प्राचार्य श्रीमती नीलिमा टोप्पो द्वारा प्रदान किया गया यह आयोजन संस्था प्राचार्य के संरक्षण एवं विज्ञान क्लब प्रभारी हरिकान्त अग्निहोत्री के निर्देशन एवं संचालन में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम में व्याख्याता केशव प्रसाद साहू सुनील कुमार चौबे शिवनाथ सिंह कांशी प्रसाद मार्को अलमा पन्ना श्वेता यादव संकुल के शैक्षिक समन्वयक अमर साय भगत आरती सोनकर चंचल गुप्ता महेश्वरी खेलेन्द्र सिंह दामोदर सागर सिंह गीता सिंह आदि सहित संकुल के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन आदेश के साथ दी गई भावभीनी विदाई

**कोरिया।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने सेवा अवधि पूर्ण कर लेने वाले कर्मचारियों को पेंशन आदेश एवं शाल श्रीफल देकर जीवन के अगले पड़ाव के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि सेवानिवृत्ति हर अधिकारी- कर्मचारी के लिए एक सतत प्रक्रिया है। एक दिन सभी को निर्धारित तिथि अनुसार सेवानिवृत्त होना होता है। जिला कोषालय अधिकारी ने बताया कि ''धन्यवाद पोर्टल'' के माध्यम से समस्त पेंशनरों को उनके पेंशन प्रकरण की वर्तमान स्थिति से निरंतर अवगत कराया जा रहा है साथ ही उक्त पोर्टल के माध्यम से कलेक्टर के निर्देशानुसार पेंशन प्रकरणों की समीक्षा एवं निगरानी की जा रही है।

## प्राणघातक हमले का फरार आरोपी पकड़ाया



**कोरबा।** सिटी कोतवाली पुलिस ने वार्ड क्रमांक 2 निवासी युवक के उपर 6 माह पूर्व प्राणघातक हमला करने के आरोपी विकास नगर कुसमुंडा निवासी फरार हमलावर को आज धर दबोचा, जिसे न्यायिक रिमांड पर कोरबा न्यायालय पेश किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार तुलसी नगर निवासी इमरान खान के उपर सामाजिक व पुरानी रंजिश को लेकर विकास नगर कुसमुंडा निवासी मो. अफरोज अंसारी उम्र 27 पिता मो. खलील अंसारी ने अपने साथियों के साथ प्राणघातक हमला कर लहूलुहान कर दिया था। उस वक्त इस मामले में कुछ आरोपी पकड़ गए थे। जबकि अफरोज फरार था। जिसे कोतवाली के एसआई अजय सिंह, आरक्षक सुनील राजपूत और चंद्रकांत गुप्ता ने धर दबोचा।

# ड्रेनेज सिस्टम के साथ-साथ ब्रांच रोड पर अवैध कब्जा, बुधवारी में निगम की कार्रवाई

**कोरबा।** शराब दुकानों के पास चल रहे चखना सेंटर और राताखार बायपास से शुरू हुआ अवैध कब्जों को हटाने का अभियान दूसरे क्षेत्रों में पहुंच गया है। नगर निगम के अमले ने आज सुबह बुधवारी बाजार पहुंचकर इस तरह की कार्रवाई की। निगम की इस कार्रवाई से कारोबारी सख्ते में दिखे और नाराज भी। निगम ने आगामी दिनों में अपने फुटपाथ को बेजा कब्जा से मुक्त कराने के लिए एक्शन लेने की बात कही है।

बुधवारी में यूं तो सप्ताह के सभी दिन बाजार लग रहा है और लोगों को सुविधा मिल रही है। लेकिन बुधवार के दिन सबसे ज्यादा समस्याएं निर्मित होती है। बाजार के दो तरफ मुख्य मार्ग होने से जाम की समस्या इसलिए बन जाती है क्योंकि सामान खरीदारी करने के लिए यहां आने वाला वर्ग सड़क के इर्द-गिर्द गाड़ियां खड़ा कर देता है। दरअसल उनके लिए जो रास्ता उपलब्ध है, वहां तक व्यवसायियों ने अवैध कब्जा कर रखा है। मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना के अंतर्गत बीते वर्षों में आबंटित किये गए दुकानों को न केवल बढ़ा लिया गया है बल्कि पक्के निर्माण भी कर लिये गए



हैं। अनेक कारोबारियों ने दुस्साहस दिखाते हुए हद से ज्यादा बाहरी क्षेत्र में शेड बढ़ा लिया है। और तो और यहां-वहां से आने वाले गंदे पानी की निकासी के लिए निगम ने जो नाली बनाई उसे कवर्ड किया, वहां तक भी अवैध कब्जा होने से साफ-सफाई में दिक्कत हो रही है और इसके कारण कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो रही है। यही नहीं बाजार के अंदर जाने वाले कई रास्तों पर कारोबारियों ने अपनी तरफ से घेराबंदी करने के साथ उसे भी हथिया लिया है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद निगम ने इस पर ध्यान दिया। निगम के तोड़ूदस्ता प्रभारी योगेश राठौर और उनकी टीम ने शनिवार की सुबह यहां पहुंच ऐसे सभी स्थानों का निरीक्षण कर आनन-फानन में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। पहले की तरह कारोबारियों ने अपनी तरफ से कई तर्क देते हुए इसे जायज ठहराने का प्रयास किया लेकिन यह सब बेकार रहा।

### फुटपाथ पर लोग चल सके जल्द होगी ऐसी कोशिश

डीएसपीएम के सामने से ओपन थिएटर तक बनाए गए फुटपाथ को बेजा कब्जा से मुक्त करने के लिए काम किया जाएगा ताकि लोग इस फुटपाथ पर हर समय पैदल चल सके। इस पर बेजा कब्जा होने से कई प्रकार की समस्याएं हो रही है। निगम को इस बारे में जानकारी मिली है।

## खदान जाने के बहाने ट्रेलर का सामान पार किया ड्राइवर ने

**कोरबा।** कोरबा और आसपास से चार ट्रेलर वाहनों की चोरी करने के साथ उन्हें बेच देने के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके ठीक कुछ घंटे बाद एक मालिक ने वाहन चोरी किए जाने की रिपोर्ट सर्वमंगला पुलिस चौकी में दर्ज कराई। इस मामले में बिहार के जहानाबाद जिले के नेवरी गांव का ड्राइवर शामिल है जिसने ट्रेलर को खदान में ले जाने के बहाने हजारों का सामान बेच दिया और फरार हो गया।

रोजगार पाने की चाहत में नीयत डोलने के मामले लगातार सामने आ नीयत डोलने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इस दौरान रोजगार देने वालों को लंबी चपत लग रही हैं। मूलत: बिहार निवासी और कोरबा के ट्रांसपोर्ट नगर में व्यवसाय का संचालन करने वाले चंद्रशेखर सिंह को ऐसे ही एक घटना में हजारों का नुकसान हो गया। उनके संपर्क में जहानाबाद जिले का एक व्यक्ति हाल में ही आया था जिसने ड्राइवरी करने की बात कही थी। उसे ट्रेलर देकर कुसमुंडा खदान भेजा गया था,जिसके बाद उसने 2 टायर, डिस्क , नटबोल्ट पार कर दिए और फरार हो गया। चंद्रशेखर सिंह को ऐसा लगता है कि संबंधित ड्राइवर वाहन की चोरी करने के इरादे से ही उसके पास रोजगार पाने के लिए पहुंचा था और उसने यह कांड कर दिया। अच्छा तो यह हुआ कि कुसमुंडा के आगे वाहन खराब हो गया, जिससे वह बिकने से बच गया। पीड़ित पक्ष के द्वारा इस मामले में पुलिस को अवगत कराने के साथ कार्रवाई की मांग की गई है। देखना होगा कि आरोपी चालक कब तक पुलिस की पकड़ में आता है।

## बाल अधिकार पर बच्चों को किया गया जागरुक



**कोरबा।** यूनिसेफ छत्तीसगढ़ व उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा बाल अधिकार पर स्कूल और गांव में जागरूकता अभियान चलाया।यूनिसेफ के 'सुरक्षित पारा, सुरक्षित लईकामन' थीम को लेकर 15 व 16 दिसम्बर को विभिन्न कार्यक्रमों का अयोजन किया गया। इसके लिए शाईवीपीजी कॉलेज अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय बिलासपुर की एनएसएस वालंटियर संस्था है। प्राचार्य डॉ.साधना खरे के संरक्षण व जिला संगठक रासेयो डॉ वायके तिवारी के मार्गदर्शन में ग्राम संपर्क अभियान चलाया गया। जिसमें सहभागिता करने वाले बच्चों, युवाओं और आम नागरिक को बाल अधिकारों के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। ग्राम संपर्क अभियान का मार्गदर्शन एवं पथप्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी अजय कुमार पटेल व मधु कंवर द्वारा स्वयंसेवकों के साथ किया गया। ग्राम भुलसीडीह के शासकीय प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केंद्र, बुंदेली के पूर्व माध्यमिक शाला, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत में गोष्ठी व शासकीय हाई स्कूल बुंदेली, गोढ़ी के हायर सेकेंडरी स्कूल, पंचायत जैसे चयनित ग्रामों के विभिन्न स्थानों में जागरूकता गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। जिनमे नुक्कड़ नाटक, खेल, रैली, संवाद, ग्रुप डिस्कशन, प्रश्नोत्तरी, कहानी, नारा, सर्वे, अभिनय जैसे अनेक जागरूकता गतिविधियां शामिल रहीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में एस.एल.यादव, बुंदेली, शासकीय प्राथमिक शाला प्रधानपाठक, विनोद निराला, प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक बुंदेली, अनिता ओहारी प्राचार्य शासकीय हाईस्कूल बुंदेली, धनीराम भगत प्रधानपाठक प्राथमिक शाला भुलसीडीह, ग्राम सरपंच श्रीमती सुखमत बाई कंवर, सचिव सुरेश कुमार धारी, जागरू बाई आंगनबाड़ी सहायिका, जितेंद्र साहू कार्यक्रम अधिकारी शाउमावि गोढ़ी का योगदान रहा।

## खरमास शुरू, एक महीने तक मांगलिक कार्यों पर ब्रेक



**कोरबा।** हिंदू धर्म और परंपरा में मांगलिक कार्यों के लिए तिथि और मुहूर्त का अपना विशेष महत्व होता है। इसके अभाव में ऐसे कार्यों को करना निषिद्ध माना गया है। खरमास भी इसी में एक है जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के मंगल कार्य नहीं होते।

16 दिसंबर 2023 को शाम के 3 बजकर 58 मिनट से खरमास की तिथि शुरू हो जाएगी। इस दौरान सूर्य देव वृश्चिक राशि से निकलकर धनु राशि में प्रवेश करेंगे। पूरे एक महीने के लिए शादी के साथ-साथ अन्य मांगलिक कार्यों पर ब्रेक लग जाएगा। खरमास 16 दिसंबर की शाम 3 बजकर 58 मिनट पर प्रारंभ होकर 15 जनवरी को समाप्त होगा। इस दौरान किसी भी तरह के शुभ कार्य करने से बचना चाहिए। हिंदू पंचांग के मुताबिक खरमास को शुभ समय नहीं माना जाता है। इसलिए इस समय शुभ कार्य करने की मनाही होती है।

### इन चीजों से बचना होगा

भगवताचार्य पं. दशरथ नंदन द्विवेदी ने बताया कि खरमास में वैवाहिक कार्यक्रम, नई अचल संपत्ति खरीदने और नव व्यवसाय प्रारंभ शुरू करने से बचना चाहिए। इस दौरान गृह प्रवेश, नए वाहन की खरीदी भी वर्जित की गई है। सकारात्मक वातावरण बनाए रखने और क्लेश से दूरी हो, इसके लिए जरूरी है कि सात्विकता की स्थिति रहे।

## टीआई की सूझबूझ से दो मासूमों का नहीं हो सका अपहरण

**कोरबा।** एक मासूम के अपहरण में जेल भेजी गई अपहर्ता कमला वंशकार की योजना दो मासूमों के अपहरण की थी जिसमें से एक को वह नागपुर गिरोह को बिक्री करती तथा दूसरे से भिक्षार्जन करवाती, मगर उसकी योजना कुसमुंडा टीआई मनीष नागर की सूझबूझ से अधूरी रह गई और अपहर्ता पकड़ कर जेल दाखिल कर दी गई।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कल सुबह रंगे हाथ एक मासूम के अपहरण के मामले में पकड़ी गई अपहर्ता सरकंडा बिलासपुर निवासी कमला वंशकार उम्र 40 पति रघुवंश वंशकार ने विकास नगर कुसमुंडा से भिक्षार्जन कर जीवन यापन कर रहे विकलांग रामप्रसाद यादव एवं उसकी पत्नी लता की अनुपस्थिति में उसके 6 वर्षीय महेश यादव का अपहरण कर ले जाते वक्त कोरबा रेलवे स्टेशन में कुसमुंडा टीआई मनीष नागर द्वारा बिछाए गए मुखबिरों के जाल में फंसकर पकड़ी गई



जिसे न्यायिक अभिरक्षा में कुसमुंडा थाने के अपराध क्रमांक 252/23 धारा 363, 365 भादवि के तहत जिला जेल के महिला बंदीगृह में न्यायिक अभिरक्षा में दाखिल किया जा चुका है। उसकी मंशा उपरोक्त विकलांग दंपत्ति के एक और मासूम के अपहरण की थी।

बताया जाता है कि अपहर्ता महिला पुलिस को गुमराह करने के लिए एक बयान दी है कि उसका बच्चा कुछ माह पूर्व मृत हो गया था जिसके कारण बगैर बच्चा का वह नहीं रह सकती। इसलिए उपरोक्त महेश यादव को प्यार में फुसलाकर ले जा



रही थी। वहीं जानकारी यह भी मिली है कि महेश के दो वर्षीय छोटे भाई को भी वह अपहरण करना चाहती थी जिससे वह नागपुर में भिक्षार्जन करने वाले एक गिरोह को बिक्री करती। मगर उसकी इस योजना को कुसमुंडा टीआई मनीष नागर ने अपने मुखबिरों के जाल में फंसाकर बेनकाब कर दिया। इस तरह इस पूरे मामले का पटाक्षेप हो गया।

## संदेश यात्रा पहुंचेगी पताड़ी धाम

**कोरबा।** श्री गुरू गद्दीधाम पताड़ी में गुरूघासी जयंती समारोह के अवसर पर जैतखम्भ में ध्वज चढ़ाया जाएगा एवं तीन क्षेत्रों से आने वाली संदेश यात्रा का भव्य स्वागत किया जाएगा 18 दिसंबर को होन वाले इस कार्यक्रम की भव्य तैयारी की जा रही है। इस संबंध में मिली जानाकारी के अनुसार गुरूघास जयंती के असवर पर कई क्षेत्रों से संदेश यात्रा धूमधाम निकलती है। एक संदेश यात्रा ग्राम बेंदरकोना से निकलेगी । इस संदेश यात्रा का जगह-जगह स्वागत होगा। पताड़ी धाम पहुंचने पर इस संदेश यात्रा का कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। तुमान व बरपाली से भी संदेश यात्रा निकाली जाएगी शाम को 5 बजे इस संदेश यात्रा का पताड़ीधाम में स्वागत होगा इस दौरान रामचन्द्र पाटले, आत्माराम, देवाराम, ज्वाहार डहरिया, लखन लहरे,गैसराम मिरी, कमलेश अनंत, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेगें।



## प्रकृति को निहारने के साथ लोग कर रहे वनभोज

कोरबा। तापमान का पारा गिरने के साथ ही जिले के प्रमुख पर्यटन केंद्रों में सैलानियों की संख्या में तेजी आ गई है। सबसे अधिक भीड़ देवपहरी में देखी जा रही है। गोविंदझुंझा जलप्रपात और चोरनई नदी के आकर्षण को देखने के साथ विभिन्न जिलों के लोग यहां वनभोज के लिए लगातार पहुंच रहे हैं। सैलानियों को सुविधा देने के लिए स्थानीय स्तर पर कई प्रयास किये गए हैं। सायं को सिद्धिदात्री मंदिर में दर्शन और आरती की भी अपनी विशेष पहचान है।

## जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा।** सिद्धआश्रम साधक परिवार के द्वारा आज गुरूदेव अरविन्द श्रीमाली का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। रायगढ़ में आयोजित इस कार्यक्रम में भजन-कीर्तिन व हवन के कार्यक्रम होगें। कोरबा जिले से भी साधको को आमंत्रित किया गया है सक्ती क्षेत्र से राजू बरेठ, सुदामा चन्द्रा, राकेश के नेतृत्व में साधक यहां पहुंचेगें ।

*__कोरबा।__ चुनाव जीतने के बाद कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रेमचंद पटेल आज कई सक्ती केन्द्रो में जाएगें। उनका कार्यकर्ताओं के द्वारा जगह-जगह स्वागत किया जाएगा।

## अधिकतम 20% पेंडेंसी निपटाने पर पुलिस का फोकस

**कोरबा।** अंग्रेजी कैलेंडर वर्ष का अंतिम महीना दिसंबर पुलिस के लिए कई मायनों में विशेष भी है और चुनौतियों से भरा भी। इस महीने उसे अपने विभागीय कामकाज का हिसाब-किताब बराबर करना है। एक पखवाड़े बाद शुरू होने वाले नए वर्ष में पुराने मामलों की संख्या कम हो, इसलिए फिलहाल पेंडेंसी निपटाने पर पुलिस का फोकस है।

जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में उच्चाधिकारियों के निर्देश पर इस हेतु काम किया जा रहा है। कोशिश है कि अधिकतम 20 प्रतिशत लंबित प्रकरणों को 31 दिसंबर से पहले हर हाल में निराकृत कर लिया जाए।

मजबूरी बताई जा रही है कि विधानसभा चुनाव के कारण लगभग ढाई से तीन महीने का समय जाया रहा। अधिकांश अधिकारियों और कर्मियों की ड्यूटी यहां-वहां लगने से स्वाभाविक रूप से कामकाज पर असर पड़ा। ऐसे में पुराने प्रकरणों में गिरफ्तारी से लेकर आगे की प्रक्रियाएं बाधित हुईं। विवेचना का काम भी चपेट में आया। ये सब बाते अधिकारियों की जानकारी में फिर भी कोशिश यही की जा रही है कि 15 से 20 प्रतिशत तक की पेंडेंसी निपटा ली जाती है तो बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने पहले ही अपने मातहतों के लिए संदेश दिया था कि टीम भावना के साथ काम करने में रूचि ली जाए। उन्होंने इसके फायदे भी गिनाए। इसके अलावा थाना व चौकियों का निरीक्षण करने के साथ न केवल पूछताछ की बल्कि मार्गदर्शन भी किया।

# फूलों की होली खेली भागवत कथा के अंतिम दिवस

**कोरबा।** वासन परिवार कोरबा द्वारा ओपन थियेटर घंटाघर कोरबा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के अंतिम दिन वृंदावन से पधारे कथा वाचक आचार्य ने कृष्ण उद्धव संवाद, दत्तात्रेय के 24 गुरू की कथा, परिक्षित मोक्ष के प्रसंग को लेकर संगीतमय वातावरण में कथा के प्रसंगों को विस्तार पूर्वक बताया। भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा की महिमा बताई उन्होने कहा कि प्रभु की भक्ति, साधना व ध्यान लगाने से आनंद व आत्म संतोष की अनुभूति होती है। उन्होंने कहा कि प्रभु को नि:स्वार्थ भाव से याद करना चाहिए। प्रभु को याद करते हुए फल प्राप्ति की लालसा नही रखना चाहिए।

प्रभु को जब भी याद करो तो यही कहो हे प्रभु आप आनंद पूर्वक हमारे निवास पर पधारो और विराजमान रहें और जब प्रभु आपके घर पर रहने लगेंगे तो वह सब कुछ स्वत: मिल जावेगा जो



आप पाना चाहते थे या जिसकी आपको जरूरत है। जीवन में कितना भी धन ऐश्वर्य की सम्पन्नता हो लेकिन यदि मन में शांति नहीं है तो वह व्यक्ति कभी भी सुखी नहीं रह सकता। वहीं जिसके पास धन की कमी भले ही हों सुख सुविधाओं की कमी हो परन्तु उसका मन यदि शान्त है तो वह व्यक्ति वास्तव में परम सुखी है। यह हमेशा मानसिक असंतुलन से दूर रहेगा। कथा प्रसंग में परम भक्त सुदामा चरित्र पर प्रकाश डालते हुए आचार्य गौरव कृष्ण महाराज ने कहा कि सुदामा के जीवन में धन की कमी थी, निर्धनता थी लेकिन वह स्वयं शान्त ही नहीं परमशान्त थे। इस लिये सुदामा हमेशा सुखी जीवन जी रहे थे। क्योंकि उनके पास ब्रह्म (प्रभुनाम) रूपी धन था। धन की तो उनके जीवन में न्यूनता थी परन्तु नाम धन की पूर्णता थी। हमेशा भाव से ओतप्रोत होकर प्रभु नाम में लीन रहते थे। उनके घर में वस्त्र आभूषण तो दूर अन्न का एक कण भी नहीं था। जिसे लेकर वो प्रभु श्री द्वारिका धीश के पास जा सकें। परन्तु सुदामा जी की धर्म पत्नी सुशीला के मन में इच्छा थी, मन में बहुत बड़ी भावना थी कि हमारे पति भगवान श्री द्वारिकाधीश के पास खाली हाथ न जायं। सुशीला चार घर गई और चार मुट्ठी चावल मांगकर लायी और वही चार मुट्ठी चावल को लेकर सुदामा प्रभु द्वारिका धीश के पास गये और प्रभु ने उन चावलों का भोग बड़े ही भाव के साथ लगाया। उन भाव भक्ति चावलों का भोग लगाकर प्रभु ने यही कहा कि हमारा भक्त हमें भाव से पत्र पुष्प, फल अथवा जल ही अर्पण करता है, तो में उसे बड़े ही आदर के साथ स्वीकार करता हूँ। प्रभु ने चावल ग्रहण कर सुदामा को अपार सम्पत्ति प्रदान कर दी।आचार्य पवन कृष्ण गोस्वामी ने कहा कि भगतव कथा से ही ये संयोग हो सकता है कि इस कथा में ना केवल कोरबा से वरण छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों से भी श्रद्धालुजन आये है। तु बैठे नही हो यहाँ बैठाये गये हो, तु आये नही हो कृपा से लाये गये हो जैसे ही इसका उच्चारण किया तालियों की शोर गुजने लगी। पवन कृष्ण गोस्वामी ने कहा समय अनमोल है भैय्या। समय रहते पैसा तो कमाया जा सकता है लेकिन समय नहीं कमाया जा सकता। समय की कीमत पहचानो समय को पुरा-पुरा उपयोग में लाओ। परिवार में शांति से रहना चाहो तो किरायेदार बन कर रहो। घर का मालिक बाकी बिहारी को बना कर रखो।

09 दिसम्बर से चल रहे श्रीमद् भागवत कथा का समापन किया गया आज के कथा में मुख्य रूप से सांसद ज्योत्सना महंत, पूर्व विधायक ननकी राम कंवर, पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल, यश वासन, सत्येन्द्र वासन, गुलसन वासन, ममता वासन, राहुल वासन आदि उपस्थित थे।आज विशेष महोत्सव के रूप में फूल होली महोत्सव विशेष धूम धाम से मनाया गया। जिसमें आचार्य श्री द्वारा होली खेल रहे बांके बिहारी को देख छटा, मेरे मन है गयो लटा-पटा आदि भजनों को बड़े ही भाव के साथ गुन-गुनाया गया।












श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
भारत सरकार

सुशासन का सूर्योदय



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़ शासन

प्रधान मंत्री आवास योजना-ग्रामीण
Pradhan Mantri Awaas Yojana-Gramin

मोदी की गारंटी

छत्तीसगढ़ के
18 लाख से अधिक
पात्र परिवारों को अब मिलेगा पक्का आवास

मुख्यमंत्री
श्री विष्णु देव साय
उप मुख्यमंत्री द्वय
श्री अरुण साव एवं श्री विजय शर्मा
ने पहली केबिनेट बैठक में लिया ऐतिहासिक निर्णय
हर पात्र परिवार को मिलेगा प्रधानमंत्री आवास



हमने बनाया है, हम ही सवारेंगे

संकल्प निभाएंगे
छत्तीसगढ़ को खुशहाल बनाएंगे

सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

S-39115/76

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149 मोबाईल : 94252-24167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल Tarunpresskrb@gmail.com